पौष कृष्ण - 1 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 153 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- | चेन्नई » गुरुवार » 28-12-2023 | ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 खेल मंत्रालय ने सही समय पर सही निर्णय किया: बबीता फोगाट

6 राममंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह को लेकर विपक्ष किंकर्तव्यविमूढ़

7 गुपचुप शादी कर चुकी हैं श्रुति हसन?

# देश में एसएचजी से जुड़ी दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना मेरा सपना है: मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह देश में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना चाहते हैं।

मध्य प्रदेश के देवास जिले में चल रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल बातचीत के दौरान, मोदी ने अपने प्रयास में एक महिला से मदद मांगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैं देश में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना चाहता हूं।'' मोदी ने रुबीना खान नामक एक महिला से बात की और उससे पूछा कि क्या वह उनके प्रयासों में उनकी मदद करेगी। जब महिला से विशेष रूप से पूछा गया कि वह अपने समूह की कितनी महिलाओं को लखपति बनाना चाहती हैं, तो महिला ने जवाब दिया, ''मैं देश की हर महिला को लखपति बनाना चाहती हूं।''

इस पर प्रधानमंत्री ने चुटकी ली कि यह (रुबीना की प्रतिक्रिया) एक राजनीतिक उत्तर है। इस पर समूह में मौजूद सभी लोग हंस पड़े।

इसके बाद मोदी ने मौके पर मौजूद महिलाओं से कहा कि अगर वे लखपति बनना चाहती हैं तो हाथ उठाएं, जिस पर सभी ने सकारात्मक जवाब दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके पास महिलाओं के लिए बहुत काम है लेकिन उन्हें ऐसी पहल में उनका समर्थन करना होगा, जिस पर सभी ने एक स्वर में उत्तर दिया कि वे उनके सपनों को साकार करने के लिए काम करेंगे।

## मोबाइल ऐप धोखाधड़ी :

## ईडी ने करीब 278 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को बताया कि मोबाइल फोन ऐप 'एचपीजेड टोकन' के माध्यम से निवेशकों से कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मामले में चीन से संबंध रखने वाली इकाइयों समेत विभिन्न इकाइयों की करीब 278 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की गई है। ईडी ने इससे पहले मामले में 176.67 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धनशेधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विभिन्न व्यक्तियों और चीन से जुड़े मुखौटा संस्थानों से संबंधित 278.71 करोड़ की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्की का आदेश जारी किया गया है।

## मोदी हैं न्याय के प्रतीक, कांग्रेस सिर्फ अन्याय की पर्याय : अनुराग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' को बेमानी बताया और कहा कि क्षेत्र एवं जातियों के नाम पर देश को बांटने वाले आज टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ न्याय का ढोंग करते हुए घूम रहे हैं।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा व खेल मामलों के मंत्री ठाकुर ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की 'न्याय यात्रा' पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही।

ठाकुर ने कहा,जो सदैव क्षेत्र और जाति के नाम पर देश को बांटते आए हैं वह न्याय क्या दिलाएंगे? जिनके राज्य में 84 के सिख दंगे हुए हों और कई वर्षों तक न्याय न मिला हो वह क्या न्याय दिलाएंगे? वह तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है जिसने सिख दंगों में एसआईटी की जांच बिठाई। कांग्रेस वह पार्टी है जो भगवान राम को काल्पनिक बताती है। इनके गठबंधन के दल हमेशा सनातन धर्म को नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं। इनके नेता बार-बार एक से बढ़कर एक हल्के बयान देते हैं।

## फर्स्ट टेक

### अयोध्या जंक्शन का नया नाम अयोध्या धाम जंक्शन

**नई दिल्ली/वार्ता।** भगवान श्री राम की नगरी के नाम से विश्व भर में मशहूर उत्तर प्रदेश के अयोध्या के रेलवे स्टेशन का नया नाम अयोध्या धाम रखा गया है। रेलवे बोर्ड में निदेशक (वैगन इंटरचेंज) अजय कुमार नौलखा ने उत्तर रेलवे के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक को बुधवार को लिखे आधिकारिक पत्र में यह जानकारी दी। पत्र के मुताबिक उत्तर रेलवे अंतर्गत लखनऊ रेल मंडल के अयोध्या जंक्शन का नाम अयोध्या धाम जंक्शन किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। पत्र में कहा गया है कि रेलवे स्टेशन कोड की श्रेणी में अयोध्या धाम जंक्शन का कोड पूर्ववत 'एवाई' रहेगा।

### रूस ने यूएनएससी में स्थायी सदस्यता के लिए भारत का समर्थन किया

**मॉस्को/भाषा।** रूस ने बुधवार को कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का स्थायी सदस्य बनने की भारत की आकांक्षाओं का समर्थन करता है। रूस ने जी20 शिखर सम्मेलन में विवादास्पद मुद्दों से निपटने में भारत की सफलता को सराहा और इसे उसकी विदेश नीति की सच्ची जीत करार दिया। सुरक्षा परिषद में 5 स्थायी और 10 अस्थायी सदस्य होते हैं। भारत लंबे समय से यूएनएससी में स्थायी सदस्यता की मांग कर रहा है और दुनिया की बदलती वास्तविकताओं के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र में सुधार की जोरदार मांग कर रहा है। सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य ब्रिटेन, चीन, रूस, अमेरिका और फ्रांस हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने यहां अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर के साथ बातचीत के बाद कहा, हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में शामिल होने के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं।

### महादेव ऐप के मालिक सौरभ चंद्राकर को दुबई में हिरासत में लिया गया

**मुंबई/रायपुर/भाषा।** महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों में से एक सौरभ चंद्राकर को दुबई में 'नजरबंद' किया गया है, जबकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सहित कई भारतीय जांच एजेंसियां सतर्क हो गईं हैं और उसे भारत लाने के लिए कूटनीति विकल्पों पर कार्य कर रही हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, ईडी इस करोड़ों रुपये के धनशोधन के मामले में जल्द ही नया आरोपपत्र दायर कर सकती है। ईडी की सलाह पर इंटरपोल ने सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के एक अन्य प्रवर्तक रवि उप्पल के खिलाफ रेड नोटिस (आरएन) जारी किया था, जिसपर कार्रवाई करते हुए उसे दुबई में स्थानीय अधिकारियों ने

| सूर्यास्त 28-12-2023 | सूर्योदय 29-12-2023 |
|---|---|
| 5:51 बजे | 6:29 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,038.43 | 21,654.75 |
| (+701.63) | (+213.40) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,567 रु. | 81,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### अयोग्य प्रतिनिधि

जनता जिनको योग्य समझती,
वे अयोग्य घोषित विधि हाथ।
किसको चुन करके भेजें हम,
किसका देवे जनता साथ।
एक बार जो वोट दे दिया,
फूट गया अपना बस माथ।
बिन प्रतिनिधि सबको यूं लगता,
हो गए जैसे सभी अनाथ।।

## मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर (मसरत आलम गुट) गैरकानूनी संगठन घोषित

**नई दिल्ली/श्रीनगर/वार्ता।** सरकार ने मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट) को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा 3 (1) के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह संगठन और इसके सदस्य जम्मू कश्मीर में राष्ट्रविरोधी और अलगाववादी गतिविधियों मे शामिल हैं और जम्मू कश्मीर में आतंकी गतिविधियों तथा लोगों को भड़काकर वहां इस्लामिक शासन स्थापित करने को समर्थन देने में लिप्त हैं। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का संदेश एकदम स्पष्ट है कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उसे कानून के तहत कठोरतम सज़ा दी जाएगी।

## यूजीसी ने छात्रों को आगाह किया : एमफिल मान्यताप्राप्त डिग्री नहीं

**नई दिल्ली/भाषा।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने बुधवार को यह कहते हुए विश्वविद्यालयों को एमफिल पाठ्यक्रम की पेशकश को लेकर आगाह किया कि यह मान्यताप्राप्त डिग्री नहीं है। उसने विद्यार्थियों को भी ऐसे पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर आगाह किया। आयोग के सचिव मनीष जोशी ने कहा, ''यूजीसी के संज्ञान में आया है कि कुछ विश्वविद्यालय एमफिल (मास्टर ऑफ फिलॉस्फ़ी) कार्यक्रम के लिए नये आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। इस संबंध में सभी के ध्यान में लाया जा रहा है कि एमफिल डिग्री मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''यूजीसी (पीएचडी डिग्री के लिए न्यूनतम अर्हता एवं प्रक्रिया) नियमावली, 2022 का नियम 14 स्पष्ट रूप से कहता है कि उच्च शिक्षण संस्थान एमफिल कार्यक्रम में प्रवेश की कोई पेशकश नहीं करेंगे।'' आयोग ने विश्वविद्यालयों को अकादमिक वर्ष 2023-24 के लिए किसी भी एमफिल कार्यक्रम में प्रवेश तत्काल रोक देने को कहा है।



जयशंकर ने रूसी समकक्ष से की मुलाकात, कहा-

## भारत-रूस संबंध बेहद मजबूत, बेहद स्थिर

**मॉस्को/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत और रूस के बीच संबंध बेहद मजबूत, बेहद स्थिर हैं। उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग, अंतरराष्ट्रीय सामरिक स्थिति, युद्ध और तनाव पर चर्चा की। पांच दिन की यात्रा पर रूस आए जयशंकर ने शुरुआती बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समय-समय पर एक दूसरे से बात करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं को जी20, संघाई सहयोग संगठन, आसियान, और ब्रिक्स जैसे मंचों के जरिए कई बार और नियमित रूप से एक दूसरे से बात करने का मौका मिला है। जयशंकर ने कहा, हमारे संबंध बेहद मजबूत, बेहद स्थिर हैं। और मुझे लगता है कि हम एक विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी पर खरे उतरे हैं। इस साल हम पहले ही छह बार मिल चुके हैं और यह सातवीं बैठक है। उन्होंने कहा कि आज की बैठक के दौरान दोनों पक्ष विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर ध्यान केंद्रित करेंगे, इसे बदलती परिस्थितियों और मांगों के अनुसार समायोजित करेंगे। उन्होंने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय सामरिक स्थिति, संघर्षों और तनावों पर चर्चा करेंगे, साथ ही ग्लोबल साउथ के सामने आने वाली विकास संबंधी चुनौतियों और निश्चित रूप से बहुपक्षवाद व बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। जयशंकर ने कहा कि इस साल दोनों पक्ष सहयोग की अलग-अलग अभिव्यक्तियों के गवाह बने।

करदाता कृपया ध्यान दें
इस तिथि को न भूलें!
निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए आयकर विवरणी दाखिल करने की अंतिम तिथि है




जल्दी करें!
किसी भी विलंब से बचें। आज ही पूर्ण करें!

संशोधित विवरणी
यदि नियत तिथि को या उससे पूर्व दाखिल की गई मूल आयकर विवरणी में कोई भी गलती या चूक हो गई है तो आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 139 (5) के अंतर्गत निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए संशोधित आयकर विवरणी विलंब शुल्क के बिना 31 दिसंबर, 2023 तक ई-फाइल की जा सकती है।

विलंबित विवरणी
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 139 (4) के अंतर्गत निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए विलंबित आयकर विवरणी 31 दिसंबर, 2023 तक विलंब शुल्क के साथ ई-फाइल की जा सकती है।

सरल और सुरक्षित रूप से अपनी आयकर विवरणी दाखिल करने के लिए
www.incometax.gov.in पर ई-फाइलिंग पोर्टल पर लॉग इन करें

cbc 15401/13/0021/2324

ई-ब्रोशर के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
आयकर विभाग
केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड
अधिक जानकारी के लिए कृपया www.incometax.gov.in पर जाएँ
अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

@incometaxindiaofficial | @incometaxindia.official | @IncomeTaxIndia | @Income Tax India | @IncomeTaxIndia.Official

# सबरीमला में हजारों लोगों ने 'मंडला पूजा' में हिस्सा लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सबरीमला (केरल)/भाषा।** केरल के सबरीमला में स्थित भगवान अयप्पा के प्रसिद्ध मंदिर में बुधवार दोपहर को हजारों लोगों ने मंगलकारी 'मंडला पूजा' में हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं की भीड़ मंडला पूजा की एक झलक पाने के लिए इंतजार करती दिखी। यह भगवान अयप्पा मंदिर में दो महीने तक चलने वाली वार्षिक तीर्थयात्रा के पहले चरण (41 दिवसीय) के समापन का प्रतीक है।

मंदिर परिसर (सन्निधानम) में अपने सिर पर 'इरुन्मुदिकेट्टू' की पवित्र पोटली लिए और ''स्वामी शरणम अयप्पा'' मंत्र का जाप कर रहे श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं।

भगवान अयप्पा की प्रतिमा का शृंगार करने के बाद मंडला पूजा की गई। भगवान अयप्पा की पवित्र 'थंका अंकी'(सुनहरी पोशाक) के साथ एक शोभायात्रा मंगलवार शाम को यहां पहाड़ी मंदिर पहुंची थी।

मंदिर प्रशासन ने कहा कि मंदिर के तंत्री (मुख्य पुजारी) के. महेश मोहनारू की अगुवाई में अनुष्ठान किए गए, जिन्होंने प्रतिमा को पवित्र पोशाक से सजाया। मंदिर के अधिकारियों ने कहा कि इस अवसर पर कई विशेष अनुष्ठान किए गए।

केरल और बाहर से आए हजारों तीर्थयात्रियों के अलावा त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के प्रमुख अधिकारी भी समारोह आयोजित होने के समय गर्भगृह के सामने मौजूद थे।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, नगालैंड के राज्यपाल एल. गणेशन, केरल के देवस्वोम मंत्री के. राधाकृष्णन, विधायक के.यू. जेनिश कुमार, त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के अध्यक्ष पी.एस. प्रशांत और विभिन्न उच्च अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

इसमें कहा गया है कि नगालैंड के राज्यपाल ने बाद में 'सन्निधानम' और पारंपरिक ट्रैकिंग पथ पर तीर्थयात्रियों के लिए प्रदान की गई सुविधाओं के लिए केरल सरकार की सराहना की।

मंत्री राधाकृष्णन ने कहा कि अयप्पा मंदिर में पिछले कुछ दिनों में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ देखी गई है और जब 30 दिसंबर को 'मकरविलक्कू' अनुष्ठान के लिए इसे खोला जाएगा तो भक्तों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

मंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

मंदिर को 'मंडला पूजा' के तुरंत बाद बंद कर दिया गया और इसे भक्तों द्वारा पूजा करने के लिए शाम को फिर से खोल दिया जाएगा, लेकिन रात में फिर बंद कर दिया जाएगा।

बाद में मंदिर तीन दिन के लिए बंद रहेगा और 30 दिसंबर को 'मकरविलक्कू' अनुष्ठान के लिए फिर से खोला जाएगा।

टीडीबी सूत्रों ने बताया कि दो महीने तक चलने वाली वार्षिक तीर्थयात्रा के समापन पर 15 जनवरी को 'मकरविलक्कू' अनुष्ठान अयप्पा मंदिर में आयोजित किया जाएगा।



## जम्मू-कश्मीर : राजनाथ सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों में मारे गए तीन लोगों के परिवारों से मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राजौरी/जम्मू/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को उन तीन लोगों के परिवारों को न्याय का आश्वासन दिया जो पिछले सप्ताह जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिला में दो सैन्य वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले के बाद कथित तौर पर सेना द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद मृत पाए गए थे। सिंह, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ बुधवार दोपहर राजौरी जिले में पहुंचे और तीनों मृतकों के परिवारों से मुलाकात की। वह 'यातना' के शिकार चार अन्य लोगों की सेहत की जानकारी लेने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (जीएमसी) अस्तपाल भी गए।

रक्षा मंत्री, उपराज्यपाल जब मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात कर रहे थे तब कई जिला विकास परिषद (डीडीसी) सदस्य, पूर्व विधायक और नागरिक समाज के सदस्य भी मौजूद थे। रक्षा मंत्री डाक बंगले में मृतकों के परिवारों से मुलाकात करने के बाद जीएमसी अस्पताल पहुंचे। जीएमसी अस्पताल परिसर में उन्होंने संवादाताओं से कहा, ''जो कुछ भी हुआ...न्याय होगा।''

पुंछ के सुरनकोट इलाके में 21 दिसंबर को ढेरा की गली और बफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर घात लगाकर हमला किया था जिसमें चार सैनिक शहीद हो गए थे और तीन अन्य घायल हो गए।

हमले के बाद तीन नागरिकों सफीर हुसैन (43), मोहम्मद शौकत (27) और शब्बीर अहमद (32) को कथित तौर पर मामले में पूछताछ के लिए सेना ने हिरासत में लिया था और 22 दिसंबर को वे मृत पाए गए।

## कंपनियों का गुजरात सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर, 24,707 करोड़ रुपये निवेश प्रस्ताव

**अहमदाबाद/भाषा।** वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) के 10वें संस्करण से पहले बुधवार को गांधीनगर में एक समारोह में 24,707 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव वाले कुल 30 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एक आधिकारिक बयान में बताया गया, कुल 24,707 करोड़ रुपये के 30 एमओयू पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के कार्यान्वयन से गुजरात में विभिन्न क्षेत्रों में 38,000 से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। बयान के अनुसार, एमओयू-हस्ताक्षर समारोह वीजीजीएस 2024 के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में राज्य की प्रमुख कंपनियां शामिल हुईं।

## गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब की झांकी शामिल नहीं करने पर मान ने केंद्र पर साधा निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गणतंत्र दिवस परेड में राज्य की झांकी शामिल नहीं किए जाने को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधा और प्रदेश के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले साल की तरह इस साल भी पंजाब की झांकी को 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस परेड में शामिल नहीं किया गया।

मान ने आरोप लगाया, ''केंद्र ने पंजाब के साथ भेदभाव किया है।'' उन्होंने कहा कि पंजाब और दिल्ली दोनों ही चयनित झांकी वाली सूची में नहीं हैं। फतेहगढ़ साहिब का दौरा करने के बाद मान ने चंडीगढ़ में संवाददाताओं को संबोधित किया। मान ने कहा कि बुधवार को उन्हें केंद्र से एक पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें बताया गया कि पंजाब की झांकी को शामिल नहीं किया गया है। झांकी को शामिल नहीं किए जाने का कारण पूछने पर मान ने कहा कि उन्हें सिर्फ चयनित झांकियों की सूची के बारे में जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा, ''गणतंत्र दिवस के मौके पर हर वर्ष विभिन्न राज्य अपनी झांकियों के माध्यम से अपनी संस्कृति और परंपरा को दर्शाते हैं।'' उन्होंने कहा कि इस वर्ष केंद्र ने राज्य को एक पत्र लिखकर झांकी के संबंध में हमारी इच्छा के बारे में जानकारी मांगी थी। चार अगस्त 2023 को हमने एक पत्र लिखा, जिसमें उल्लेख किया गया था कि सिर्फ जनवरी 2024 में ही नहीं बल्कि 2025 और 2026 में भी हमारी झांकी को शामिल किया जाए।

## इस साल राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी में आई तेजी

**नई दिल्ली/भाषा।** खाद्य मंत्रालय ने कहा है कि इस साल पूरे भारत में राशन कार्ड 'पोर्टेबिलिटी' में तेजी आई है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2023 के पहले 11 महीनों में राशन दुकानों से खाद्यान्न को लेकर 28 करोड़ लेनदेन दर्ज किए गए। राशन कार्ड 'पोर्टेबिलिटी' के तहत संबंधित व्यक्ति एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने पर भी इसका उपयोग पहले की तरह कर सकता है।

एक देश, एक राशन कार्ड (ओएनओआरसी) के तहत 'पोर्टेबिलिटी' अगस्त 2019 में चार राज्यों में शुरू की गई थी। बाद में राज्य के भीतर और दूसरे राज्यों में 'पोर्टेबिलिटी' व्यवस्था सभी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों में लागू की गयी। एक देश, एक राशन कार्ड का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत गरीब लाभार्थियों, विशेष रूप से प्रवासियों को बायोमेट्रिक या पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न के उठाव के समय आधार प्रमाणीकरण के साथ देश में किसी भी ई-पीओएस सक्षम राशन दुकानों से राशन का लाभ उठाने का पात्र बनाना था। इसके अलावा, घर पर उनके परिवार के सदस्य भी उसी राशन कार्ड पर खाद्यान्न की शेष आवश्यकता उठा सकते हैं। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''वर्ष 2023 के 11 महीनों में राशन कार्ड के पोर्टेबिलिटी बाद खाद्यान्न लेने को लेकर 28 करोड़ लेनदेन किए गए। इसके तहत एनएफएसए और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के अंतर-राज्य और अंतर-राज्य पोर्टेबिलिटी लेनदेन सहित 80 लाख टन से अधिक खाद्यान्न वितरित किये गये।''

## जल जीवन मिशन : 72% ग्रामीण घरों में नल से जलापूर्ति, 2024 तक शत-प्रतिशत करने का लक्ष्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार के महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत लगभग 72 प्रतिशत ग्रामीण घरों में नल से जल का कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है। सरकारी आंकड़ों में यह दावा किया गया है।

जल शक्ति मंत्रालय के सामने 2024 में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल से जल पहुंचाने के शत प्रतिशत कवरेज का महत्वपूर्ण लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में यह प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने विश्वास जताया कि सरकार अगले साल के अंत तक शत प्रतिशत कवरेज के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी। आंकड़ों के अनुसार झारखंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में चुनौतियां बनी हुई हैं जहां नल जल कनेक्शन 50 प्रतिशत से भी कम ग्रामीण घरों में पहुंचा है। नौ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने इस लिहाज से शत प्रतिशत कवरेज प्राप्त कर लिया है, वहीं देश के हर कोने तक इस आवश्यक सेवा को पहुंचाने पर ध्यान बना हुआ है।

इसी तरह मंत्रालय की प्रतिबद्धता गांवों को अगले वर्ष तक 'खुले में शौच से मुक्त प्लस' (ओडीएफ प्लस) बनाने की भी है। 'ओडीएफ प्लस' गांव को न केवल 'खुले में शौच से मुक्त' का दर्जा मिलेगा, बल्कि उसमें प्रभावी ठोस या तरल कचरा प्रबंधन प्रणाली भी लागू होगी। फरवरी 2020 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चरण-2 का उद्देश्य सभी गांवों को 2024 के अंत तक 'ओडीएफ प्लस' घोषित करना है।

## गुजरात पुलिस ने फ्रांस से लौटाये गये यात्रियों से पूछताछ शुरू की

**अहमदाबाद/भाषा।** गुजरात पुलिस ने एक संदिग्ध अवैध आव्रजन नेटवर्क का पता लगाने के लिए राज्य के उन निवासियों से पूछताछ शुरू कर दी है, जो मानव तस्करी के संदेह के कारण फ्रांस में विमान रोके जाने की घटना के कुछ दिनों बाद वहां से लौटकर बुधवार को अपने पैतृक स्थान पहुंचे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। निकारागुआ जाने वाले विमान एयरबस ए-340 में 276 यात्री सवार थे, जिनमें ज्यादातर भारतीय थे। इस विमान को मानव तस्करी के संदेह में चार दिनों के लिए फ्रांस में ही रोक दिया गया था। यह विमान मंगलवार तड़के मुंबई हवाई अड्डे पर उतरा। राज्य अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, उन यात्रियों में गुजरात के कम से कम 21 लोग शामिल थे। पुलिस अधीक्षक, सीआईडी (अपराध), संजय खरात ने कहा, ''हमें पता चला है कि 21 यात्री गुजरात से थे और उनमें से कुछ अपने-अपने घर पहुंच गए हैं। हमारी कई टीम अभी (अपने जांच) कार्य में जुटी हैं और हमने उन लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।'' उन्होंने कहा कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि अमेरिका में संभावित अवैध आव्रजन के लिए यात्रियों से कैसे संपर्क किया गया था, निकारागुआ पहुंचने के बाद उन्हें अमेरिका कैसे जाना था और कौन से एजेंट इसमें शामिल थे।



## तीन नए कानूनों ने भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक विरासत से बंधनमुक्त कियाः धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि तीन नए कानूनों - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम- ने दंड के बजाय न्याय पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक विरासत से बंधनमुक्त कर दिया है।

आंध्र प्रदेश और मुंबई उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, कानूनविद दिवंगत न्यायमूर्ति कोंडा माधव रेड्डी की 100वीं जयंती के मौके पर एक विशेष डाक लिफाफा जारी करने के बाद धनखड़ ने यहां कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुश हैं कि तीनों अंग - न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका सराहनीय कार्य कर रहे हैं और भारत के अभूतपूर्व उत्थान को उत्प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दशक के दौरान, न्यायिक प्रणाली में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें ई-कोर्ट परियोजना और राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के माध्यम से डिजिटलीकरण पर जोर दिया गया है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि इनसे न केवल पारदर्शिता और पहुंच बढ़ी है, बल्कि लंबित मामलों में भी कमी आई है। उन्होंने कहा, विधायिका की बात करूं तो कुछ दिन पहले ही तीन नए (आपराधिक संहिता) विधेयक पेश किए गए थे। उन्हें भारत के राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई।

धनखड़ ने कहा, नए कानूनों - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने दंड के बजाय न्याय पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक विरासत से बंधनमुक्त कर दिया है।

कार्यक्रम में तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन और तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे समेत विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## तिहाड़ जेल में 'जबरन वसूली' का कोई पुख्ता सबूत नहीं: सीबीआई

**नई दिल्ली/भाषा।** सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर चल रही जांच में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करते हुए कहा है कि तिहाड़ जेल में जबरन वसूली करने वाले किसी बड़े गिरोह के सक्रिय होने का कोई पुख्ता सबूत नहीं है। जेल में पीट-पीटकर मार दिये गए कैदी अंकित गुज्जर के परिवार द्वारा लगाए गए आरोपों पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने जांच के आदेश दिए थे।

अधिकारियों ने कहा कि गुज्जर के परिवार ने आरोप लगाया है कि जेल अधिकारियों की 'जबरन वसूली' से जुड़ी मांग को पूरा नहीं करने के कारण उसकी हत्या कर दी गई। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जेल में रंगदारी वसूलने के आरोपों के साथ-साथ गुज्जर की मौत की भी जांच करने का निर्देश सीबीआई को दिया था। एजेंसी ने उच्च न्यायालय के आदेश पर दो अलग-अलग जांच शुरू की थी जिसमें एक गुज्जर की मौत से संबंधित थी और दूसरी तिहाड़ जेल में जारी कथित वसूली गतिविधियों से जुड़ी थी। क्लोजर रिपोर्ट में सीबीआई ने कहा कि उसे अपराध की तरफ संकेत करने वाला कोई भी पुख्ता सबूत नहीं मिला। आम तौर पर तीन जेल अधिकारियों पर जेल में जबरन वसूली करने वाला गिरोह चलाने का संदेह था, उनके खिलाफ 'केवल कमजोर' सबूत हैं और इस मामले को बंद करने की सिफारिश की गई है।

## सेबी ने म्यूचुअल फंड, डीमैट खातों में नॉमिनी जोड़ने की समय सीमा जून तक बढ़ाई

**नई दिल्ली/भाषा।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को डीमैट और म्यूचुअल फंड खाताधारकों के लिए नॉमिनी जोड़ने की समय सीमा को अगले साल 30 जून तक बढ़ा दिया। अभी तक किसी लाभार्थी को नामित करने या घोषणापत्र जमा कर इससे बाहर निकलने की समय सीमा 31 दिसंबर तक रखी गई थी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के इस कदम का उद्देश्य निवेशकों को उनकी संपत्ति सुरक्षित करने और उन्हें उनके वैध उत्तराधिकारियों को सौंपने में मदद करना है। सेबी ने एक परिपत्र में कहा, बाजार प्रतिभागियों से मिले आवेदनों को देखते हुए अनुपालन में सुगमता और निवेशकों की सुविधा के लिए डीमैट खातों और म्यूचुअल फंड फोलियो के लिए 'नामांकन की पसंद' जमा करने की अंतिम तिथि को 30 जून, 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही सेबी ने परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी), डिपॉजिटरी प्रतिभागियों और रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंटों (आरटीए) से डीमैट खाताधारकों और म्यूचुअल फंड यूनिट धारकों को हर पखवाड़े ईमेल या एसएमएस भेजकर नामांकन करने या इससे बाहर निकलने के बारे में प्रोत्साहित करने को कहा है।

## महाराष्ट्र में स्वयंभू फकीर की हत्या के प्रयास में युवक गिरफ्तार


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक स्वयंभू फकीर की हत्या के प्रयास के आरोप में पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि मोहम्मद कुरैशी नामक आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर पंचपावली थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। स्वयंभू बाबा की पहचान फकीर शेख उमर (75) के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि उसके परिवार के सदस्य फकीर के प्रभाव में आ गए थे और फकीर ने उनसे पैसे लेकर अच्छे भाग्य और सुरक्षा के लिए ताबीज देने का वादा किया था। उसने उन्हें गुमराह कर यह विश्वास दिलाया कि उसके पास अलौकिक शक्तियां हैं।'' कुरैशी स्वयंभू फकीर से नाराज था। अधिकारी ने बताया कि टेका इलाके के पास कुरैशी ने शेख पर चाकू से हमला किया, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं, इसके बाद कुरैशी मौके से भाग गया। बाद में शेख को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया और फिलहाल इलाज चल रहा है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर खरगे और राहुल ने कांग्रेस की आंध्र प्रदेश इकाई के नेताओं के साथ की बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा करने के लिए आंध्र प्रदेश इकाई के नेताओं के साथ बुधवार को एक बैठक की। यह बैठक लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस आलाकमान द्वारा विभिन्न राज्यों के पार्टी नेताओं के साथ की जा रही बैठकों के सिलसिले के बीच हुई है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसे एक महत्वपूर्ण रणनीति बैठक बताया जहां नेताओं ने आम चुनाव के लिए पार्टी को मजबूत करने पर अपने विचार साझा किए। खरगे ने कहा, ''हर कोई मानता है कि कर्नाटक और तेलंगाना में सरकार बनने के बाद जमीनी स्थिति में काफी बदलाव आया है। हर नेता और कार्यकर्ता कड़ी मेहनत करेगा और हम उस रिश्ते को फिर से स्थापित करेंगे जो आंध्र प्रदेश के लोगों ने कभी कांग्रेस पार्टी के साथ साझा किया था।'' आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 सीट हैं, जिनमें से 22 सीट वर्तमान में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के पास हैं, जबकि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के पास तीन सीट हैं। राज्य में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी के पास विधानसभा के 175 विधायकों में से 147 विधायक हैं। संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस के आंध्र प्रदेश प्रभारी मणिकम टैगोर ने कहा कि बैठक दो घंटे से अधिक समय तक चली और लोकसभा चुनाव के साथ-साथ राज्य विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की योजनाओं पर चर्चा की गई।

टैगोर ने कहा, ''हम कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास करने वाले सभी लोगों को आंध्र प्रदेश के पुनर्निर्माण के वास्ते पार्टी में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं, एक सपना जो (नरेन्द्र) मोदी सरकार के भेदभाव के कारण अधूरा रह गया। पिछले 10 वर्षों में केंद्र के अधूरे वादों ने आंध्र प्रदेश के विकास को नष्ट कर दिया है। कांग्रेस 2024 की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।''

## एनबीएफसी कोष के लिये स्रोत को व्यापक बनाएं, बैंकों पर निर्भरता घटाएंः आरबीआई रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से कोष जुटाने के स्रोतों को व्यापक बनाने और बैंकों पर निर्भरता कम करने को कहा। आरबीआई ने इसके साथ बही-खातों को मजबूत करने और धोखाधड़ी तथा आंकड़ों में सेंध से बचाव करने का भी आह्वान किया।

देश में बैंकों के रुख और प्रगति-2022-23 पर जारी केंद्रीय बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, उच्च पूंजी अनुपात, मजबूत परिसंपत्ति गुणवत्ता और मजबूत आय वृद्धि के साथ भारत की बैंकिंग प्रणाली और एनबीएफसी क्षेत्र मजबूत बना हुआ है। खुदरा और सेवा क्षेत्रों को कर्ज बढ़ने के साथ अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के 2022-23 में एकीकृत बही-खाते में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जमा वृद्धि भी बढ़ी है। हालांकि, यह कर्ज वृद्धि की तुलना में कम है। इसमें कहा गया है, ''बैंकों और एनबीएफसी के बीच बढ़ते आपसी संबंधों को देखते हुए, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को अपने वित्तपोषण स्रोतों को व्यापक बनाने और बैंक से कोष प्राप्त करने पर अत्यधिक निर्भरता को कम करने पर ध्यान देना चाहिए। बैंकों और एनबीएफसी दोनों को अपनी ग्राहक सेवाओं को और बेहतर बनाने पर ध्यान देने की जरूरत है।'' रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंक और भुगतान प्रणाली को साइबर खतरों से उत्पन्न धोखाधड़ी और आंकड़ों में सेंध के जोखिमों से बचाने के लिए सभी संबद्ध पक्षों को ठोस प्रयास करने की जरूरत है। आरबीआई ने कहा है, ''कुल मिलाकर, बैंकों और एनबीएफसी को भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मजबूत संचालन व्यवस्था और जोखिम प्रबंधन उपायों के माध्यम से अपने बही-खातों को और मजबूत करने की जरूरत है।'' रिपोर्ट के अनुसार, 2018-19 में शुरू हुआ बैंकों की संपत्ति गुणवत्ता में सुधार 2022-23 के दौरान भी जारी रहा।

# सामाजिक न्याय, समानता, भाईचारे के सिद्धांतों के अनुरूप तमिलनाडु का विकास कर रहे हैं: स्टालिन




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने बुधवार को कहा कि वह सामाजिक न्याय, समानता, सौहार्द और भाईचारे के उत्कृष्ट सिद्धांतों के अनुरूप राज्य के विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यहां आदि द्रविड़ और जनजातीय कल्याण विभाग के तहत 171 करोड़ रुपये की पूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करने और 184 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करने के बाद कहा कि वह उक्त सिद्धांतों के आधार पर तमिलनाडु का निर्माण करने के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि द्रविड़ शासन मॉडल को 'सब कुछ, सबके लिए' पर आधारित विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में, 175 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 12 आदि द्रविड़ छात्र छात्रावास बनाए गए।

स्टालिन ने बताया कि आदि द्रविड़ और आदिवासी छात्रों के शिक्षा विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न रियायतें प्रदान की जा रही हैं।

आदि द्रविड़ कल्याण मंत्री एन. कयालविझी सेल्वराज ने भी सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने 149 करोड़ रुपये की कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की, 32.95 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित स्कूल भवनों, छात्रावासों और सामुदायिक केंद्रों का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने 138 करोड़ रुपये के छात्रावास भवनों और शिक्षण केंद्रों की आधारशिला रखी।




# चेन्नई में उर्वरक विनिर्माण इकाई से अमोनिया गैस लीक, कई लोग अस्पताल में भर्ती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** उत्तरी चेन्नई के एन्नोर में उर्वरक विनिर्माण इकाई से जुड़ी एक उपसमुद्र पाइपलाइन से अमोनिया गैस का रिसाव हुआ।

गैस का रिसाव होने पर लोगों ने बेचैनी, सांस लेने में तकलीफ, मतली जैसी समस्याओं की शिकायत की, जिसके बाद लगभग 25 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि घटना मंगलवार देर रात 11 बजकर 45 मिनट की है। उन्होंने बताया कि इलाके में हवा के माध्यम से गैस फैल गई, जिससे लोगों को गंभीर असुविधा हुई। अधिकारी ने बताया कि गैस के असर के कारण लोगों के गले और सीने में जलन महसूस होने लगी तथा इसके प्रभाव से कई लोग अचेत हो गए। उन्होंने बताया कि गैस लीक होने के बारे में जानकारी लगते ही लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए और सड़कों पर इकट्ठा हो गए।

उन्होंने बताया कि उर्वरक विनिर्माण इकाई के आसपास रहने वाले 25 लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसमें बच्चे भी शामिल हैं। मछुआरों के गांवों के प्रतिनिधियों ने बताया कि उत्तरी चेन्नई में चिन्नाकुप्पम, पेरियाकुप्पम, नेताजी नगर और बर्मा नगर जैसे इलाके इससे प्रभावित हुए। आधी रात में हुए इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों को वाहन ढूंढने में काफी समस्या हुई और अस्पतालों तक पहुंचने के लिए ऑटोरिक्शा एवं मोटरसाइकिल जैसे वाहनों का इस्तेमाल किया।

स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने यहां सरकारी स्टेनली मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा किया और गैस प्रभावित क्षेत्रों से भर्ती लोगों और अस्पताल के अधिकारियों से बातचीत की। मुरुगप्पा समूह की कंपनी कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड ने एक बयान में कहा: नियमित संचालन के हिस्से के रूप में हमने 26 दिसंबर को रात साढ़े ग्यारह बजे संयंत्र परिसर के बाहर तट के पास अमोनिया अनलोडिंग उप-समुद्र पाइपलाइन में असामान्यता देखी। हमारी मानक संचालन प्रक्रिया तुरंत सक्रिय हो गए और हमने अमोनिया प्रणाली सुविधा को अलग कर दिया और कम से कम समय में स्थिति को सामान्य कर दिया।

## तमिलनाडु में सांप के काटने से वन अधिकारी की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इरोड।** तमिलनाडु के इरोड जिले में सांप के काटने से एक वन अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब वन अधिकारी एक घर में सांप को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, वन विभाग के शिकारी विरोधी दस्ते में कार्यरत प्रशांत (22) दस्ते के दो अन्य लोगों के साथ मिलकर मंगलवार शाम को भवानी तालुक के शनिचंदई इलाके में पोन्नुसामी के घर में घुसे सांप को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान प्रशांत को सांप ने काट लिया और वह गिर गये। पुलिस ने बताया कि प्रशांत को तुरंत भवानी सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# तमिलनाडु पुलिस ने कांचीपुरम में दो बदमाशों को मार गिराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस की विशेष टीम ने बुधवार को दो सशस्त्र बदमाशों को उस वक्त गोली मार दी, जब उन्होंने पीछा कर रहे पुलिस दल पर धारदार हथियार से हमला किया । दोनों बदमाशों की मौत हो गई ।

पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दो अपराधी कांचीपुरम में नए रेलवे पुल के पास छिपे हैं। उन्होंने बताया कि लंबे आपराधिक रिकॉर्ड वाले दोनों बदमाशों को पकड़ने के लिए विशेष दल को भेजा गया। पुलिस महानिरीक्षक (उत्तर जोन) एन कन्नन ने बताया, अपराधियों ने पुलिस पर हमला कर दिया, क्योंकि पुलिस ने उन्हें घेर लिया था। इस प्रक्रिया में, एक विशेष पुलिस उपनिरीक्षक (एसएसआई) रामलिंगम और एक कांस्टेबल शशि कुमार को चोट आयी है। अधिकारी ने बताया, यह घटना आज तड़के हुई। पुलिस दल ने शुरू में दोनों को रोकने का प्रयास किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। हमारे दो लोगों के घायल होने के बाद पुलिस को गोलियां चलानी पड़ीं । उन्होंने कहा कि दोनों बदमाशों की पहचान रघुवरन और बाशा उर्फ करूप्पु असीन के रूप में हुई है । उन्होंने बताया कि गोली लगने के बाद उन्हें कांचीपुरम के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। महानिरीक्षक ने बताया कि घायल पुलिसकर्मी उपचाराधीन हैं । पुलिस अधिकारी ने बताया कि रघुवरन के खिलाफ आठ मामले तथा असीन के खिलाफ हत्या के दो मामले दर्ज हैं ।

## पुडुचेरी में कोविड के कारण एक व्यक्ति की मौत

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी में एक सरकारी अस्पताल में बुधवार को कोविड-19 के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। स्वास्थ्य निदेशक जी श्रीरामुलु ने बताया कि 58 वर्षीय व्यक्ति को हृदय संबंधी समस्या सहित अन्य गंभीर बीमारियां भी थीं। उन्होंने बताया कि उन्हें यहां के सरकारी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि उन्हें कोविड निमोनिया से संक्रमित पाये जाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आज उनकी मौत हो गई। पुडुचेरी में कोरोना वायरस की वर्तमान स्थिति का विवरण देते हुए, श्रीरामुलु ने कहा कि वायरस से संक्रमित पाये जाने के बाद छह लोग घरों में पृथक-वास में हैं।

## आईओसीएल के केंद्र में हुए विस्फोट में एक कर्मचारी की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तोंदियारपेट में इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के एक केंद्र में बुधवार को हुए विस्फोट में एक कर्मचारी की मृत्यु हो गयी और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। अग्नि और बचाव सेवा विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि घटना उस समय घटी जब कर्मचारी इथेनॉल रखने के एक टैंक को वेल्डिंग करने जैसे कामों में लगे थे। घटना के तत्काल बाद पांच दमकल वाहन मौके पर पहुंचे।

अधिकारी ने कहा, जब हम पहुंचे तो आग को बुझाया जा चुका था क्योंकि आईओसीएल की आंतरिक अग्नि सुरक्षा प्रणाली है। घटना में एक कर्मी की मृत्यु हो गई, वहीं एक अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल पहुंचाया गया। अधिकारी ने कहा कि घटना की वजह अभी पता नहीं चली है।

**वंदे भारत ट्रेन** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




कोयंबटूर-बेंगलूरु वंदे भारत ट्रेन बुधवार को बेंगलूरु पहुंची, इसे 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच अन्य वंदे भारत ट्रेनों के साथ हरी झंडी दिखाएंगे।

## फर्जीवाड़ा मामले में अदालत ने लता रजनीकांत को सशर्त जमानत दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु की एक अदालत ने तमिल फिल्म अभिनेता रजनीकांत की पत्नी लता रजनीकांत को 2014 में आई फिल्म 'कोचादाइयां' से संबंधित विवाद से उत्पन्न जालसाजी मामले में सशर्त जमानत दे दी है । लता इस मामले में आरोपी हैं । लता रजनीकांत 26 दिसंबर को बेंगलूरु में मजिस्ट्रेट अदालत के सामने व्यक्तिगत रूप से पेश हुईं। उन्होंने मामले में खुद को आरोप मुक्त करने के लिए एक याचिका दायर की और अदालत ने मामले की सुनवाई छह जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी है । अदालत ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके और 25,000 रुपये की नकद जमानत पर उन्हें राहत दे दी। अदालत ने उन्हें गवाहों को प्रभावित न करने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करने का निर्देश दिया। लता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 196, 199, 463, 420 और 34 के तहत आरोप लगाये गये हैं। उनके अधिवक्ता की ओर से दायर, उन्हें आरोप मुक्त करने वाली याचिका पर शिकायतकर्ता ने आपत्ति जताई क्योंकि भारतीय दंड संहिता की धारा 463 के तहत यह गैर-जमानती है और उन्हें अब तक जमानत नहीं मिली है।

## आरएआई ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर हस्तक्षेप का अनुरोध किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) ने बुधवार को कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव डॉ. रजनीश गोयल को पत्र लिखकर 'गैर-कानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए हस्तक्षेप का अनुरोध' किया है।

आरएआई के निदेशक-वकालत गौतम जैन ने कहा आपका ध्यान बेंगलूरु में खुदरा विक्रेताओं के साइनेज को निशाना बनाने वाले लोगों के एक समूह द्वारा की गई बर्बरता की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की ओर दिलाना चाहते हैं। इससे कर्मचारियों और ग्राहकों की सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई है।

उन्होंने कहा कि हम कर्नाटक की सांस्कृतिक भावनाओं और कन्नड़ भाषा को बढ़ावा देने के महत्व को पूरी तरह से स्वीकार करते हुए इसका सम्मान करते हैं, हम इस बात पर प्रकाश डालना चाहेंगे कि हमारे सदस्य खुदरा विक्रेता हमेशा स्थानीय संस्कृति का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं और कन्नड़ साइनेज का अनुपालन करने के लिए प्रयास किए हैं। यह ध्यान रखना जरूरी है कि सभी साइनेज कन्नड़ और अंग्रेजी दोनों में प्रदर्शित किए जाते हैं, जिसमें कन्नड़ भाषा को उचित प्रमुखता दी जाती है। ऐसे उदाहरण हैं कि कुछ संकेतों पर 60 प्रतिशत आवश्यकता पूरी नहीं की गई होगी।

उन्होंने कहा कि हम आपका ध्यान इस ओर दिलाना चाहेंगे कि रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने इस संबंध में साल 2019 में एक रिट याचिका (डब्ल्यूपी संख्या 51723/2019 के माध्यम से) दायर की थी, और उच्च न्यायालय ने इस मामले में बीबीएमपी को कोई भी कठोर कदम उठाने से रोकते हुए स्टे जारी किया था। स्टे ऑर्डर अभी भी लंबित है और अंतिम समाधान की प्रतीक्षा में है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है।

पत्र में यह आग्रह किया गया है कि सदस्य खुदरा विक्रेताओं और उनकी संपत्तियों के प्रति बर्बरता या आक्रामकता के किसी भी अन्य कृत्य को रोकने के लिए तत्काल उपाय, जो इन प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों और ग्राहकों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं, किए जाएं।

पत्र में कहा गया कि इस मामले में आपके त्वरित ध्यान और हस्तक्षेप का अनुरोध करते हैं, ताकि तनाव को बढ़ने से रोका जा सके और सदस्य खुदरा विक्रेताओं, उनके कर्मचारियों और ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसमें कहा गया है कि हम इस मामले को तत्काल आधार पर देखने का अनुरोध करते हैं और यकीन है कि सभी हितधारक हमारे राज्य की संस्कृति, प्रतिष्ठा और गरिमा को बनाए रखने का प्रयास करेंगे।




बल्लारी रोड पर उस समय तनाव उत्पन्न हो गया जब कर्नाटक रक्षण वेदिके (नारायण गौड़ा गुट) के 2,000 से अधिक कार्यकर्ताओं ने सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में साइन बोर्डों में कन्नड़ भाषा के इस्तेमाल की मांग करते हुए देवनहल्ली के सदाहल्ली गेट से रैली निकाली।

# कन्नड़ में नेमप्लेट और साइनबोर्ड लगाने की मांग को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन

## कई जगह तोड़-फोड़ की गई




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कन्नड़ रक्षणा वेदिके ने कर्नाटक में सभी व्यवसायों और उद्यमों के लिए कन्नड़ में नेमप्लेट लगाने की मांग करते हुए बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने कई मॉल, दुकानों, वाणिज्यिक भवनों, कंपनियों और कारखानों, विशेष रूप से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को कन्नड़ साइन बोर्ड लगाने और कन्नड़ भाषा को अधिक दृश्यता के लिए संदेश देने के वास्ते विरोध कर रहे इस संगठन के सदस्यों को हिरासत में भी लिया।

इस तरह कर्नाटक में भाषा विवाद एक बार फिर सामने आया। उक्त संगठन के सदस्यों ने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और एमजी रोड, ब्रिगेड रोड, लावेल रोड और सेंट मार्क्स रोड पर कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने हिंसक विरोध प्रदर्शन किया।

### अंग्रेजी साइनबोर्डों को क्षतिग्रस्त किया

संगठन के सदस्यों ने दुकानों और प्रतिष्ठानों के अंग्रेजी साइनबोर्डों को क्षतिग्रस्त किया और कहा कि ऐसे साइनबोर्ड कर्नाटक की आधिकारिक भाषा कन्नड़ को कमजोर कर रहे हैं। वहीं, पुलिस ने कन्नड़ रक्षणा वेदिके के संयोजक टीए नारायण गौड़ा सहित कई प्रदर्शनकारियों को एहतियातन हिरासत में लिया है। उन्होंने मीडिया से कहा था कि नियम के मुताबिक, 60 प्रतिशत साइनबोर्ड और नेमप्लेट कन्नड़ में होने चाहिएं। हम किसी व्यवसाय के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन अगर आप कर्नाटक में व्यवसाय कर रहे हैं तो आपको हमारी भाषा का सम्मान करना होगा। यदि आप कन्नड़ को नजरअंदाज करते हैं, या कन्नड़ अक्षरों को छोटे (प्रिंट में) लिखते हैं, तो हम आपको यहां काम नहीं करने देंगे।

### तोड़-फोड़ के वीडियो वायरल

तोड़-फोड़ के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें एक होटल का वीडियो भी शामिल है। एक अन्य वीडियो में एक व्यक्ति सैलून के बाहर लगे अंग्रेजी साइनबोर्ड को तोड़ता नजर आ रहा है। इसी तरह एक और वीडियो में एक व्यक्ति अंग्रेजी के साइनबोर्ड पर काला पेंट छिड़कता दिख रहा है।

### मुख्यमंत्री ने क्या कहा था?

बता दें कि इस साल अक्टूबर में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा था कि हम सभी कन्नड़िगा हैं। अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले लोग यहां बस गए हैं (और) इस राज्य में रहने वाले सभी लोगों को कन्नड़ बोलना सीखना चाहिए।

### संगठन की यह मांग

कन्नड़ रक्षणा वेदिके शहर के नागरिक निकाय के उस आदेश को तत्काल लागू करने की मांग कर रहा है, जो सभी व्यवसायों को अपने 60 प्रतिशत संकेत कन्नड़ में रखने का निर्देश देता है। समूह के साथ एक बैठक के बाद यह आदेश दिया गया। बीबीएमपी प्रमुख तुषार गिरिनाथ ने कहा कि नागरिक निकाय के अधिकार क्षेत्र में वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को 28 फरवरी तक अनुपालन करना था।

## मोदी की पहली गारंटी पूरी

# एक जनवरी से मिलेगा 450 रुपए में गैस सिलेंडर : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में अब उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 450 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर मिलेगा। सीएम भजन लाल ने बुधवार को ये घोषणा की है। बीजेपी चुनावी घोषणा पत्र में किया गया अपना वादा पूरा कर दिया है। इसके लिए सीएम भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को प्लानिंग बनाने के निर्देश दे दिए हैं।

बता दें कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को केंद्र सरकार 600 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर दे रही है। केंद्र सरकार उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को इससे ज्यादा रियायत नहीं देगी।



राजस्थान में भाजपा की ओर से किए गए वादे को पूरा करने के लिए भजनलाल सरकार को 450 रुपए के ऊपर की राशि यानी 150 रुपए का भुगतान अपने स्तर पर करना होगा। प्रदेश में करीब 70 लाख परिवार उज्ज्वला योजना से जुड़े हैं। इन लाभार्थियों को प्रति गैस सिलेंडर 150 रुपए का भुगतान राज्य सरकार अपने खाते से करेगी। ऐसा करने पर हर महीने 105 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च राज्य सरकार पर आएगा।

वादा पूरा करने के लिए भजनलाल सरकार की ओर से लाभार्थियों को सब्सिडी की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर की जाएगी।

यानी गैस सिलेंडर लेते वक्त लाभार्थियों को पूरी राशि का भुगतान करना होगा। सब्सिडी की राशि बाद में लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर कर दी जाएगी। जिस तरह से केंद्र सरकार किसान सम्मान निधि की राशि सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर करती है। उसी तर्ज पर भजनलाल सरकार भी सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर करेगी।




# मोदी ने सरकारी योजना के प्रति लोगों को जागरुक करने पर सपना की प्रशंसा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद किया और सरकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरुरक करने के लिए कोटा की सपना प्रजापति की प्रशंसा की। इस अवसर पर राजस्थान की राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधि, सरकारी योजनाओं के लाभार्थी सहित बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम से जुड़े। मोदी ने लाभार्थियों से संवाद किया और इस दौरान प्रधानमंत्री ने कोटा में इस कार्यक्रम से जुड़े लाभार्थियों में सपना प्रजापति से बात की और उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने उनसे जानना चाहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में क्षेत्र के लोग कितना जागरुक है।

इस पर स्वनिधि योजना की लाभार्थी सपना ने बताया कि यहां के लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं और वह भी अन्य महिलाओं के साथ मिलकर सरकारी योजनाओं के बारे में बराबर बताती रहती है। इस पर मोदी ने सपना की तारीफ करते हुए कहा कि इन्होंने कोरोना महामारी के दौरान मास्क बनाकर बड़ा योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने अपना अधिकांश व्यवसाय डिजिटल लेनदेन के माध्यम से संचालित करने के लिए भी उनकी प्रशंसा की।

मोदी ने इस बात पर खुशी जताई कि सपना के समूह की महिलाएं मोटे अनाज के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही हैं और इसके लिए मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने 'कुम्हार' समुदाय के उद्यमियों को विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा आपकी सामूहिक मातृ शक्ति आपको नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। उन्होंने सभी दीदियों से केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभ के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए मोदी की गारंटी की गाड़ी को सफल बनाने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा अगर आप सभी दीदियां मेरे साथ खड़ी रहेंगी तो सब दीदियां लखपति बन सकती हैं। इस पर सपना ने कहा कि वे सब दीदियां आपके साथ खड़ी रहेंगी। इस अवसर पर जयपुर के घाटघेट क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में जुड़े लाभार्थियों के साथ राज्य की उपमुख्यमंत्री

दिया कुमारी भी शामिल हुई। इस अवसर पर श्रीमती दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का वर्ष 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने का सपना हैं और इसके लिए आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का योगदान महत्वपूर्ण है और सभी को मिलकर हर पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाना है। इस मौके विधायक गोपाल शर्मा भी मौजूद थे। इसी तरह मालवीय नगर क्षेत्र में भी आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों के साथ सांसद रामचरण बोहरा एवं विधायक कालीचरण सराफ शामिल हुए।

# 'भारत न्याय यात्रा' देशहित में एक नया अध्याय : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस की प्रस्तावित 'भारत न्याय यात्रा' को देशहित में नया अध्याय बताते हुए बुधवार को कहा कि पूरा देश इसके लिए तैयार है। कांग्रेस ने पार्टी नेता राहुल गांधी की अगुवाई में 14 जनवरी से 20 मार्च तक 'भारत न्याय यात्रा' आयोजित करने की बुधवार को घोषणा की। यह यात्रा मणिपुर से शुरू होकर मुंबई तक जाएगी और इस दौरान राजस्थान सहित 14 राज्यों और 85 जिलों में छह हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की जाएगी।

गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, पूर्व से पश्चिम



तक 'न्याय', देशहित में एक नया अध्याय। उन्होंने लिखा, राहुल गांधी के सशक्त नेतृत्व में दक्षिण से उत्तर तक ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' के उपरांत अब न्याय के संकल्प के साथ 'भारत न्याय यात्रा' प्रारंभ हो रही है। आप सभी की सहभागिता न्याय के इस महायज्ञ को प्रदीप्त करेगी। उन्होंने लिखा, तैयार है पूरा हिंदुस्तान, 'न्याय' संग है राजस्थान।

# घने कोहरे के कारण हादसों में एक महिला सहित तीन की मौत

जयपुर। राजस्थान में कई इलाकों में बुधवार सुबह घने कोहरे की वजह से अलग –अलग सड़क हादसों में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे सहित आठ अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि भरतपुर जिले के सेवर थाना क्षेत्र में एक रोडवेज बस और टेंपो की भिड़ंत में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक छोटा बच्चा घायल हो गया। उसने बताया कि मृतकों की पहचान महाराज सिंह और राममूर्ति के रूप में की गई है। उसने बताया कि घने कोहरे की वजह से सीकर के रींगस थाना क्षेत्र में भी दो कार और एक बस की भिड़ंत हो गई जिसमें छह लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि हनुमानगढ़ के संगरिया थाना क्षेत्र में सिंहपुरा से खेरूवाला के बीच एक मंदिर के सामने एक जीप और बस की टक्कर में एक की मौत हो गई।



# केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाना हम सबका कर्तव्य : दिया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि हर जरूरतमंद को सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ दिलाना जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों और सुशिक्षित एवं आर्थिक सामाजिक रूप से समृद्ध नागरिकों का कर्तव्य है।

दीया कुमारी बृधवार को नगर निगम जयपुर हैरिटेज के घाटगेट स्थित फायर स्टेशन पर विकसित भारत संकल्प यात्रा–2023 के तहत आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाभार्थियों से संवाद में भाग लेने के पश्चात्त उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रही थी। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसा पहला व अनूठा अभियान है जिसके तहत केन्द्र सरकार इसके माध्यम से सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचितों के दरवाजे खटखटाने हेतु उनकी चौखट पर पहुँच रही है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री अन्तिम छोर के एक–एक व्यक्ति की चिन्ता करते हैं चाहे वह महिला, किसान, युवा, बालक, बालिकाएं, बुजुर्ग हों व वे 2047 में एक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र का सपना लेकर चले हैं। लेकिन यह सपना तभी पूर्ण हो सकता है जब हम हर जरूरतमंद को इस अभियान से जोड़ें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देश के लाभार्थियों से संवाद शुरू होने से पहले श्रीमती दिया कुमारी ने घाटगेट फायर स्टेशन पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को मंच पर बुलवाकर बैठाया। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी बोली कि यह कार्यक्रम लाभार्थियों का है इसलिए उनसे संवाद करने के लिये उन्हें मंच पर बैठाया जाये व वे दर्शकों के साथ बैठना चाहेगीं। लेकिन टू वे कम्यूनिकेशन की व्यवस्था न होने की वजह से यह संभव नहीं हो सका। दिया कुमारी ने उपस्थित जनसमुदाय को विकसित भारत बनाने का संकल्प भी दिलवाया।

नगर निगम जयपुर हैरिटेज महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर ने उपस्थित नागरिकों विशेष महिलाओं को याद दिलाया कि हम सबने बचपन में सपना देखा था कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगीं तभी देश विकसित व आत्मनिर्भर बनेगा। गुर्जर ने आश्वस्त किया कि नगर निगम जयपुर हैरिटेज केन्द्र व राज्य सरकार की हर योजना का लाभ हर जरूरतमंद के घर पहुँचाने का काम करेगा।

# युवती को कार से कुचलने का आरोपी मंगेश गिरफ्तार, गैंगस्टर से जुड़े हो सकते हैं तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जिस व्यक्ति ने मंगलवार सुबह गुस्से में अपने दो दोस्तों पर गाड़ी चढ़ा दी, जिसमें एक युवती की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, उसके बारे में पुलिस को आशंका है कि वह किसी गैंगस्टर से जुड़ा हो सकता है। कार चालक आरोपी मंगेश अरोड़ा को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंगेश अरोड़ा का जयपुर के मानसरोवर में एक बड़ा परिधान शोरूम है। उससे जी–क्लब में हुई गोलीबारी के मामले में भी पूछताछ की गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जयपुर की एक इवेंट फर्म में काम करने वाली उमा सुथार और उसका पार्टनर राजकुमार जाट सोमवार देर रात होटल एवरलैंड गए थे। रेस्टोरेंट में राजकुमार के परिचित मंगेश अरोड़ा और उनकी महिला मित्र भी थीं।

मंगेश नशे में था। उसने उमा के साथ दुर्व्यवहार किया और राजकुमार ने उसे रोका। मंगलवार तड़के जब उमा ने घर जाने के लिए कैब बुक की तो मंगेश ने फिर से दुर्व्यवहार किया और बेसबॉल बैट से कैब का शीशा तोड़ दिया। इसके बाद मंगेश ने उमा और राजकुमार के ऊपर कार चढ़ा दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस अधिकारी दलबीर सिंह के मुताबिक, ''इलाज के दौरान उमा सुथार की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त राजकुमार जाट गंभीर रूप से घायल हो गया। झुंझुनू के रहने वाले राजकुमार जाट ने जवाहर सर्किल थाने में हरियाणा के मंगेश के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया है। राजकुमार ने अपनी शिकायत में कहा है कि आरोपियों ने रात 12 बजे तक शराब पी। पुलिस रेस्तरां के पास लगे सीसीटीवी फुटेज देख रही है।

एवरलैंड होटल के सामने रेस्तरां के सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि मंगेश ने होटल के सामने खड़ी कार को स्टार्ट किया और उसे रिवर्स किया। फिर उसने तेज गति से उमा और राजकुमार के ऊपर से कार चला दी। अधिकारियों ने बताया कि उमा मध्य प्रदेश के नीमच की रहने वाली थी और जयपुर में इवेंट कंपनी में काम करती थी।



# मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जन सेवा का प्रतिबिंब है : सीपी जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी बस्सी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम के वर्चुअल प्रसारण के दौरान उपस्थित रहे और भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों को संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जन सेवा का प्रतिबिंब है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को सुनकर लोगों में जोश आया और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से पूरे देश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है जिसका जनता जोश के साथ स्वागत कर रही है क्योंकि देश में गारंटी उसी की चलती है जो अपना वादा पूरा करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो कहा वो किया इसलिए राजस्थान की जनता ने झूठे वादे और सिर्फ चुनाव के समय ही काम करने वाली कांग्रेस सरकार पर नही मोदी गारंटी पर भरोसा किया। जिन लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नही मिला वे कैम्पों में जाकर अपना पंजीकरण करवा रहें है जिससे उन्हे भी योजनाओं का लाभ मिल सके।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने साधारण परिवार में जन्म लिया है, इसलिए उन्हें पता है कि गरीबी क्या होती है। भाजपा की मोदी सरकार ने जितनी कल्याणकारी योजनाएं देश और प्रदेश को दी है शायद किसी ने नही दी होगी। चार करोड़ गरीब परिवारों को मकान मिला, उज्ज्वला योजना से माताओं बहनों को धूएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत योजना से गरीब को मुफ्त इलाज मिला, जल जीवन मिशन योजना से पेयजल मिला, घर–घर शौचालय बने, जन–धन में बैंक खाते खुले, किसान सम्मान निधि मिली, बेटी के जन्म से लेकर विवाह तक के लिए अनेक योजनाएं, गर्भवती माताओं के लिए योजना, स्वनिधि योजना एवं विश्वकर्मा योजना के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहें है तो राजीविका के माध्यम से बहनों का अत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है।




# आरएसजीएल की कस्टमर केयर वेब पोर्टल सेवा आरंभ

जयपुर/दक्षिण भारत। राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस ने पब्लिक फ्रैण्डली कस्टमर केयर वेब पोर्टल का शुभारंभ किया है। आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बुधवार को खनिज भवन में वेब पोर्टल का लोकार्पण किया। आरएसजीएल के एमडी रणवीर सिंह ने कहा कि संस्थान द्वारा पीएनजी ग्राहकों व भविश्य में आरएसजीएल से जुड़ने वाले ग्राहकों की सुविधा के लिए बहुउपयोगी कस्टमर केयर वेब पोर्टल आरंभ किया है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से देश दुनिया में कहीं से भी आरएसजीएल की पीएनजी सेवाओं से जुड़ा कस्टमर प्रोफाइल, कंपलिट सर्विस रिक्वायरमेंट, बिल, भुगतान व भुगतान हिस्ट्री सहित सभी तरह की जानकारी एक क्लिक से देख सकेंगे।

# सचिन पायलट ने करणपुर में जनसभा की, भाजपा पर निशाना साधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने बुधवार को राजस्थान के करणपुर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, यह वह पार्टी है जो न किसान की है और न ही नौजवान की है.. यह सिर्फ चंद उद्योगपतियों की है और उनके लिए पूरे देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारे हवाई अड्डे, रेलवे लाइन, गोदाम, खान सब औने–पौने दाम में बेच कर



चंद लोगों को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

पायलट ने कहा,किसानों को कमजोर करने का काम किसी ने किया है तो वह भाजपा की सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार आज भाजपा की बन गई लेकिन गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में नौजवानों और किसानों में कांग्रेस की जो मजबूती थी वह पहले से ज्यादा हुई है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने सरकार जरूर बना ली है लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल और कांग्रेस की विचारधारा से सहमति रखने वाले लोगों का हौसला बुलंद है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में विधानसभा की 200 में से 199 सीट पर 25 नवंबर को मतदान हुआ था। भाजपा ने 115 सीट जीतीं, जबकि कांग्रेस को 69 सीट मिलीं। करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। इस सीट पर अब पांच जनवरी को मतदान होगा।'

# पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ तीन दिवसीय अभियान शुरू किया

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ तीन दिवसीय अभियान बुधवार को शुरू किया। इसके तहत सभी जिलों में पुलिस टीमें दबिश देकर ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा के निर्देश पर राज्य भर में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सघन कार्रवाई शुरू की गई है। तीन दिन का यह अभियान बुधवार तड़के शुरू हुआ। अभियान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन की निगरानी में चलाया जा रहा है। इसके तहत सभी जिलों में पुलिस टीमों द्वारा दबिश देकर आपराधिक तत्वों की धरपकड़ की जा रही है। प्रवक्ता के अनुसार पुलिस रेंज में पुलिस महानिरीक्षक इस अभियान पर निगाह रखे हुए हैं जबकि स्थानीय जिला पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फील्ड में कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत आर्म्स, आबकारी व एनडीपीएस एक्ट, स्थाई वारंटी, उद्घोषित, इनामी व जघन्य अपराधों में वांछित असामाजिक तत्त्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों को पारंपरिक हस्तशिल्प और खेलों में भी अच्छे प्रदर्शन के लिये प्रोत्साहित करें : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कौशांबी (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को छात्र-छात्राओं को न केवल शैक्षणिक बल्कि पारंपरिक हस्तशिल्प और खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों की क्षमता के विकास को लेकर अभी से प्रयास करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कौशांबी के आलमचंद गांव स्थित माहेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज में एक कार्यक्रम में कहा,''स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि पारंपरिक हस्तशिल्प और खेलों में भी आगे बढ़ाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि स्कूलों को उन नवाचारों का पता लगाने के लिए अनुसंधान केंद्रों में तब्दील किया जाना चाहिये जो 'एक जिला, एक उत्पाद' की पहल में योगदान दे सकते हैं। विद्यार्थियों से सच्चाई का दामन थामे रखने और धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महानता अचानक हासिल नहीं होती है बल्कि इसके लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है।

शिक्षा क्षेत्र में निजी संस्थानों के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने छात्रों को अपने नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ पुस्तकालय का दौरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने नई पुस्तकों से ज्ञान प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने पुस्तकालयों को डिजिटल पुस्तकालयों में परिवर्तित करने के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि सरकार इस प्रयास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी को कौशांबी में उच्च शिक्षा के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया और कहा कि इसमें बालिकाओं की उच्च शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही उन्होंने इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलपति से मार्गदर्शन लेने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इतिहास से संबंधित एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।

## शहरी विकास के मामले में पटना को बहुत कुछ करने की जरूरत है: पुरी



**पटना/भाषा।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि बिहार की राजधानी पटना शहरी विकास के मामले में अन्य शहरों से पीछे है और इस क्षेत्र में यहां बहुत कुछ करने की जरूरत है। आवास एवं शहरी मामले तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ने कहा कि 'स्मार्ट सिटीज मिशन' (एससीएम) के तहत पटना में कई परियोजनाओं में तेजी लाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, ''एससीएम द्वारा घोषित देश के 100 स्मार्ट शहरों में पटना 83 वें स्थान पर है। इससे पता चलता है कि यहां बहुत कुछ करने की जरूरत है और काम की काफी गुंजाइश है।''

पुरी ने कहा,'' एससीएम के तहत पटना में लगभग 1,679 करोड़ रुपये की कुल 39 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है जिनमें से 26 परियोजनाएं (1,026 करोड़ रुपये की) पूरी की चुकी हैं, 13 अन्य (653 करोड़ रुपये की) पर काम अभी भी पटना में चल रहा है। इनमें तेजी लाने की जरूरत है।'' केंद्रीय मंत्री मंगलवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध सिख तीर्थ श्री तख्त हरमंदिर पटना साहिब गुरुद्वारा में एक समारोह में भाग लेने के लिए यहां आए थे।



## गंगासागर मेले में श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कदम उठा रही सरकार : ममता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि 'गंगासागर मेले' के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की मुश्किल का सामना नहीं करना पड़े, यह सुनश्चित करने के लिए उनकी सरकार सभी तरह के कदम उठा रही है। 'गंगासागर' मेला अगले महीने दक्षिण 24 परगना जिले में आयोजित किया जाएगा।

ममता ने सागर द्वीप पर इस वार्षिक मेले की तैयारियों का जायजा लिया। इस मेले के लिए देश और विदेश के कोने-कोने से हिंदू श्रद्धालु यहां आते हैं और 'मकर संक्राति' के मौके पर गंगा व बंगाल की खाड़ी के संगम में डुबकी लगाते हैं। इस साल गंगासागर मेला आठ जनवरी से 17 जनवरी के बीच आयोजित किया जाएगा। नबन्ना सभागार में एक समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, ''गंगासागर भारत का सबसे बड़ा मेला है। इस साल कम से कम 40 लाख लोग मेले में आएंगे। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''करीब 10 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। यातायात नियमों को लेकर योजना बनाई गई है और जलक्षेत्र में भी गश्त लगाई जाएगी। कानून-व्यवस्था से किसी भी कीमत पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। चिकित्सा इकाईयों को तैयार रखा जाएगा।'' बनर्जी ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की मदद से जीपीएस और उपग्रह निगरानी के माध्यम से वाहनों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।

## महज नारेबाजी से लोगों को मूर्ख नहीं बनाया जा सकता, प्रधानमंत्री मोदी ने 'न्याय' सुनिश्चित किया : भाजपा



**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा ने कांग्रेस की ओर से 'भारत न्याय यात्रा' शुरू किए जाने की घोषणा को 'महज नारेबाजी' करार दिया और कहा कि इससे लोगों को 'मूर्ख' नहीं बनाया जा सकता। केंद्रीय मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी लेखी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जिन्होंने विकास को सभी तक पहुंचाकर यह सुनिश्चित किया है कि सभी को न्याय मिले। लेखी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते कई दशकों के दौरान अन्यायपूर्ण व्यवस्था चलाई जिससे चलते लोगों को सामाजिक अन्याय सहित कई तरह के अन्य अन्याय झेलने पड़े। उन्होंने कहा कि बैंकिंग प्रणाली इस अन्याय का एक बड़ा उदाहरण है क्योंकि एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों) के लिए जिम्मेदार लोगों को व्यक्तिगत संबंधों के कारण बैंक ऋण दिया गया था, जबकि मोदी ने करोड़ों लोगों के बैंक खाते खोलकर उन्हें वित्तीय प्रणाली में शामिल करके सामाजिक न्याय की नींव रखी है। राष्ट्रीय प्रवक्ता नलिन कोहली ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी पार्टी कुछ नारे गढ़कर भारतीयों को मूर्ख नहीं बना सकती। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को उन लोगों के साथ देखा गया है जो भारत के 'टुकड़े-टुकड़े' की वकालत करते हैं। कोहली ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता देश के लोकतंत्र में विदेशी हस्तक्षेप की मांग को लेकर विदेश जाते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी 2014 से यह सुनिश्चित करके 'वास्तविक न्याय' कर रहे हैं कि विकास देश के हर कोने और हर किसी तक पहुंचे।

## राहुल के नेतृत्व में मणिपुर से मुंबई तक कांग्रेस की 'भारत न्याय यात्रा' 14 जनवरी से शुरू होगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने बुधवार को घोषणा की है कि पार्टी नेता राहुल गांधी की अगुवाई में 14 जनवरी से 20 मार्च तक मणिपुर से मुंबई (पूरब से पश्चिम) तक 'भारत न्याय यात्रा' निकाली जाएगी। पार्टी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले आयोजित की जाने वाली यह यात्रा 67 दिन में 14 राज्यों और 85 जिलों से होकर गुजरेगी।

'भारत न्याय यात्रा' के दौरान लगभग 6,200 किलोमीटर की दूरी तय की जायेगी। यात्रा ज्यादातर बस से होगी, लेकिन कहीं-कहीं पदयात्रा भी होगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने सात सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाली थी। गांधी की 136 दिन की इस यात्रा में 12 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों के 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्रों से गुजरते हुए 4,081 किलोमीटर की दूरी तय की गई थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जहां गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान ''आर्थिक असमानताओं, ध्रुवीकरण और तानाशाही'' के मुद्दों को उठाया था, वहीं 'भारत न्याय यात्रा' में देश के लोगों के लिए आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। 'भारत न्याय यात्रा' मणिपुर, नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 14 जनवरी को इंफाल से यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस यात्रा को आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में होने की संभावना है। रमेश ने कहा, ''कांग्रेस 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत न्याय यात्रा' निकालेगी।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर नागपुर में 28 दिसंबर को एक व्यापक रैली आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि रैली का नाम होगा 'हैं तैयार हम' और इसके जरिये कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेगी।

## बंगाल के मंत्री ने ममता की तुलना श्री चैतन्य से की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के मंत्री ब्रत्य बासु ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तुलना राज्य के आध्यात्मिक प्रतीक महाप्रभु श्री चैतन्य से करके विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्षी दलों ने बासु की टिप्पणी पर चुटकी ली है।

पूर्व बर्द्धमान जिले के पूरबास्थली में मंगलवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बासु ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी को श्री चैतन्य के दर्शन की सच्ची उत्तराधिकारी बताया। श्री चैतन्य राज्य के 15वीं सदी के हिंदू संत थे जिन्होंने गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय की स्थापना की थी। उन्होंने कहा, महाप्रभु श्री श्री चैतन्य ने बिना किसी मतभेद के समावेशी समाज का विचार प्रतिपादित किया था। उन्होंने हर इंसान को समान मान-सम्मान देने की और किसी को भी इससे दूर नहीं रखने की बात कही। श्री चैतन्य के दर्शन के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में हमारी मुख्यमंत्री भी सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती हैं।

बासु ने कहा, ममता बनर्जी विभाजन की राजनीति नहीं करती हैं। वह कभी लोगों को दूर रखने में विश्वास नहीं करतीं। वह जातिवादी और सांप्रदायिक एजेंडे में विश्वास नहीं करतीं। वह मानवता की राजनीति में विश्वास रखती हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता सामिक भट्टाचार्य ने बुधवार को टिप्पणी पर चुटकी लेते हुए कहा, टीएमसी के एक अन्य नेता ने पहले ममता बनर्जी की तुलना मां शारदा (19वीं सदी के हिंदू संत श्री रामकृष्ण परमहंस की पत्नी और आध्यात्मिक साथी) से की थी। अब हम ब्रत्य बासु से एक अलग बात सुन रहे हैं। कौनसी बात सच है? उन्होंने कहा कि बासु की टिप्पणियां किसी भी मानक से तर्कसंगत नहीं हैं।

माकपा नेता सुजान चक्रवर्ती ने कहा कि बासु की टिप्पणियां कुछ नहीं बल्कि अपने बॉस को खुश करने के लिए बेइंतहा चापलूसी हैं। टीएमसी के वरिष्ठ विधायक निर्मल माझी ने अतीत में बनर्जी को 'शारदा मां का अवतार' कहा था जबकि पार्टी के एक अन्य विधायक बिश्वजीत दास ने बनर्जी की तुलना आयरलैंड की शिक्षिका, लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता और स्वामी विवेकानंद की शिष्या सिस्टर निवेदिता से की थी।

## झज्जर में बजरंग पूनिया और अन्य पहलवानों से मिले राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का अध्यक्ष चुने जाने के बाद उठे विवाद के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को हरियाणा के झज्जर में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया और अन्य पहलवानों से मुलाकात की। पिछले सप्ताह डब्ल्यूएफआई के चुनाव में संजय की जीत के विरोध में बजरंग ने शुक्रवार को अपना पद्मश्री पुरस्कार वापस लौटा दिया था।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने वीरेंद्र अखाड़े में पहलवानों से मुलाकात की। बजरंग ने कुश्ती में अपनी शुरुआत इसी अखाड़े से की थी। बजरंग ने बाद में संवाददाताओं से कहा, ''वह (राहुल गांधी) हमारी दिनचर्या (प्रशिक्षण) देखने आए थे। उन्होंने मेरे साथ कुश्ती और व्यायाम किया। वह यह देखने आए थे कि एक पहलवान की रोजमर्रा की जिंदगी कैसी होती है।''

यह मुलाकात विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता विनेश फोगाट के संजय के चुनाव के विरोध में अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार सरकार को वापस लौटाने के एक दिन बाद हुई है।

गांधी ने बाद में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पूछा कि अगर 'भारत की बेटियों' को अपने अधिकारों और न्याय के लिए सड़कों पर उतरने के लिए अपना अखाड़ा छोड़ना पड़ता है तो क्या माता-पिता अपने बच्चों को कुश्ती खेलने के लिए भेजेंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा,''वर्षों की जीतोड़ मेहनत, धैर्य एवं अप्रतिम अनुशासन के साथ अपने खून और पसीने से मिट्टी को सींच कर एक खिलाड़ी अपने देश के लिए मेडल लाता है।''

## निलंबित डब्ल्यूएफआई के दैनिक कामकाज के लिए आईओए ने तीन सदस्यीय तदर्थ समिति गठित की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के दैनिक कार्यों के संचालन के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया है। फैसले करते हुए अपने ही संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था।

भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह बाजवा पैनल के अध्यक्ष होंगे जबकि पूर्व हॉकी ओलंपियन एमएम सोमाया और पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंजुषा कंवर इसके दो अन्य सदस्य हैं। खेल मंत्रालय ने रविवार को डब्ल्यूएआई को निलंबित कर दिया था जिसके तीन दिन पहले नए पदाधिकारी चुने गए थे। पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह को चुनावों में अध्यक्ष चुना गया था। खेल मंत्रालय ने इसके बाद डब्ल्यूएफआई के दैनिक कार्यों के संचालन के लिए आईओए को तदर्थ समिति का गठन करने को कहा था। आईओए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष और डब्ल्यूएफआई के अधिकारियों ने अपने स्वयं के संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए मनमाने फैसले किए हैं और सुशासन के सिद्धांतों का भी उल्लंघन किया है।

आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने विज्ञप्ति में कहा, ''आईओए को हाल ही में पता चला है कि नए अध्यक्ष और डब्ल्यूएफआई के अधिकारियों ने अपने स्वयं के संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए और आईओसी द्वारा समर्थित सुशासन के सिद्धांतों के खिलाफ मनमाने फैसले किए हैं।

## खेल मंत्रालय ने सही समय पर सही निर्णय किया: बबीता फोगाट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भिवानी (हरियाणा)/भाषा।** 'दंगल ग्राम गर्ल' के नाम से विख्यात पूर्व अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी एवं हरियाणा महिला विकास निगम की अध्यक्ष बबीता फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित करके खेल मंत्रालय ने सही समय पर सही निर्णय लिया।

बबीता फोगाट ने चरखी दादरी में पत्रकारों से कहा, ''खेल मंत्रालय का सही समय पर सही निर्णय आया है और इससे पहलवानों को न्याय मिलेगा। खेल मंत्रालय समय-समय पर पूरे मामले को देख रहा है।'' खेल मंत्रालय ने फैसला करते समय अपने संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह की अगुवाई वाले नव निर्वाचित पैनल को निलंबित कर दिया था और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को कुश्ती के संचालन के लिए एक तदर्थ पैनल का गठन करने के लिए कहा था। बबीता ने हालांकि अपनी चचेरी बहन विनेश फोगाट को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। विनेश फोगाट ने मंगलवार को ट्वीट करते हुए ध्यानचंद खेल रत्न व अर्जुन अवार्ड वापस करने की घोषणा की थी।

## केंद्रीय मंत्री ने 'गांधीपीडिया' का लोकार्पण किया



**कोलकाता/भाषा।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को 'गांधीपीडिया' का लोकार्पण किया। यह महात्मा गांधी, उनकी जिंदगी, दर्शन और शिक्षाओं पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़ा कोष है। 'गांधीपीडिया' पोर्टल को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-खड़गपुर, आईआईटी गांधीनगर और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद ने विकसित किया है। वेब पोर्टल उपयोगकर्ताओं के लिए प्रासंगिक होगा। केंद्र को आशा है कि 'गांधीपीडिया' युवाओं और समाज को गांधीवादी मूल्यों के प्रति जागरूक करेगा। 'गांधीपीडिया' से लोग विशिष्ट जानकारी को कुछ संकेड में ही हासिल कर लेंगे। इस परियोजना की घोषणा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2019 के बजट भाषण में की थी।

## राहुल के शतक से भारत ने 245 रन बनाए, दक्षिण अफ्रीका के एक विकेट पर 49 रन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**सेंचुरियन/भाषा।** लोकेश राहुल ने बल्लेबाजी के लिए मुश्किल हालात में शतक जड़ा जिससे भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बुधवार को यहां पहली पारी में 245 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने इसके जवाब में लंच तक एक विकेट पर 49 रन बना लिए हैं। टीम ने एडेन मार्कराम (05) का विकेट गंवाया जिन्होंने मोहम्मद सिराज की गेंद पर विकेटकीपर राहुल को कैच थमाया। लंच के समय सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर 30 जबकि टोनी डिजॉर्जी 12 रन बनाकर खेल रहे थे।

राहुल ने दिन की शुरुआत नाबाद 70 रन से करते हुए 137 गेंद में 101 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 14 चौके और चार छक्के मारे तथा अपने करियर का आठवां टेस्ट शतक जड़ा। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। अगर मुश्किल हालात पर गौर करें तो सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में किसी भारतीय बल्लेबाज की यह सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक है। किसी अन्य देश का कोई बल्लेबाज सुपर स्पोर्ट पार्क पर दो टेस्ट शतक नहीं लगा पाया है और अब यह विशिष्ट रिकॉर्ड राहुल के नाम है।

राहुल की यह पारी इसलिए भी काबिले तारीफ है क्योंकि इसी साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान उन्हें खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर कर दिया गया था। राहुल ने सुबह के सत्र में कुछ आकर्षक शॉट खेले। उन्होंने कागिसो रबादा (59 रन पर पांच विकेट) पर चौका जड़ने के बाद इस तेज गेंदबाज पर स्क्वायर लेग पर छक्के के साथ 90 रन के स्कोर को पार किया। राहुल ने गेराल्ड कोएट्जी (74 रन पर एक विकेट) पर अपने चौथे छक्के के साथ शतक पूरा किया। उन्होंने सिराज (22 गेंद में पांच रन) के साथ नौवें विकेट के लिए 47 रन जोड़कर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।


## आप लोगों को बदल नहीं सकते , अतीत में हुई आलोचना पर बोले केएल राहुल



**नई दिल्ली/भाषा।** दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट और वनडे श्रृंखला में शतक जमाकर शानदार वापसी करने वाले भारतीय बल्लेबाज के एल राहुल ने कुछ अर्सा पहले ही खराब फॉर्म को लेकर हुई आलोचना पर कहा है कि वह उस समय इसके लिये मानसिक रूप से तैयार नहीं थे । दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में पहले टेस्ट में कठिन हालात में शतक जमाने वाले राहुल ने कहा ,'' आप लोगों को बदल नहीं सकते । हर कोई अपनी राय रखने के लिये स्वतंत्र है और उस समय मुझे और भी खराब लग रहा था । अब पीछे देखता हूं तो लगता है कि इसे अलग नजरिये से देख सकता था ।'' उन्होंने स्टार स्पोटर्स की ' बिलीव' श्रृंखला में कहा ,'' लेकिन उस समय मैं इस तरह की आलोचना के लिये मानसिक रूप से तैयार नहीं था ।''

## सेंचुरियन में राहुल का शतक भारत के टेस्ट इतिहास के शीर्ष दस शतकों में : गावस्कर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सेंचुरियन/भाषा।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में केएल राहुल के साहसिक शतक की तारीफ करते हुए महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इसे भारत के टेस्ट इतिहास के शीर्ष दस शतकों में से एक बताया । पहले टेस्ट के पहले दिन भारत के चार विकेट 92 रन पर गिर गए थे जिसके बाद राहुल ने 137 गेंद में 101 रन की पारी खेली ।

स्टार स्पोटर्स पर हिन्दी कमेंट्री के दौरान गावस्कर ने कहा कि राहुल ने कठिन पिच पर शतक जमाया है जहां गेंद अजीब उछाल ले रही थी । गावस्कर ने कहा ,'' मैं पिछले 50 साल से क्रिकेट देख रहा हूं और निस्संदेह कह सकता हूं कि राहुल का यह शतक भारत के टेस्ट इतिहास के दस शीर्ष शतकों में से है क्योंकि यहां पिच काफी कठिन थी ।'' उन्होंने कहा ,'' एक बल्लेबाज इतनी आसानी से आत्मविश्वास हासिल नहीं कर पाता , खासकर जब गेंद इस तरह से स्विंग ले रही हो ।'' राहुल ने गेराल्ड कोएत्जी की गेंद पर छक्का लगाकर शतक पूरा किया । उसके बारे में गावस्कर ने कहा ,'' जिस शॉट पर उन्होंने छक्का लगाया, उसकी जितनी तारीफ की जाये , कम है । यह फुललैंग्थ गेंद थी और इस तरह का शॉट टी20 में ही देखने को मिलता है ।

## सुविचार

**इंतज़ार मत करो आजकल किसी भी चीज़ का, जितना तुम सोच रहे हो जिंदगी उससे कहीं तेज चल रही है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# सकारात्मक प्रतिक्रिया

केंद्र सरकार ने अवैध बेटिंग और लोन ऐप्स पर शिकंजा कसने की कोशिश कर प्रशंसनीय कार्य किया है। हालांकि यह लड़ाई लंबी है। भविष्य में कुछ और सख्त कदम उठाने की जरूरत होगी। सोशल मीडिया पर ऐसे ऐप्स के प्रचार-प्रसार पर पाबंदी लगाने की काफी समय से मांग हो रही थी, जिस पर सरकार की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया आई है। अब ऐसे ऐप्स का संचालन करने वाली कंपनियां अन्य रास्तों का रुख कर सकती हैं, जिन पर नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा। सरकार ने सोशल मीडिया और ऑनलाइन मंचों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देकर मजबूत कदम उठाया है कि वे अपने मंच पर कर्ज देने संबंधी धोखाधड़ी वाले ऐप के विज्ञापन न लगाएं। प्रायः सोशल मीडिया कंपनियां अपने मुनाफे के लिए नियमों की अनदेखी कर जाती हैं। इन ऐप्स के लिए सोशल मीडिया ऐसा मंच बनकर उभरा था, जो इन्हें आसानी से लोगों तक पहुंचा देता है। कोरोना काल में इनका तेजी से विस्तार हुआ, क्योंकि लोग सोशल मीडिया पर काफी समय बिता रहे थे और रोजगार बंद पड़े थे। उस दौरान बहुत लोग 'आसान लोन' के चक्कर में आ गए। इन ऐप्स को इंस्टॉल कर लोन लेना जितना आसान था, इनके शिकंजे से निकलना उतना ही मुश्किल भी था। उनमें से कुछ लोगों ने तो आत्महत्या जैसा भयानक कदम उठा लिया था। वहीं, कई लोगों ने यह कहते हुए पुलिस की शरण ली कि उन्होंने पूरी रकम चुका दी, लेकिन कंपनी के एजेंट उन्हें और राशि चुकाने के लिए धमकी दे रहे हैं। कुछ लोगों ने यह भी दावा किया कि उन्हें अपमानित करने के लिए ऐप कंपनियों की ओर से नए-नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। चूंकि उन्होंने ऐप इंस्टॉल करते समय कंपनी की शर्तें मानने की सहमति दी थी, जिसके बाद उस ऐप ने उनकी फोटो गैलरी में मौजूद तस्वीरें कॉपी कर लीं। यही नहीं, उनके रिश्तेदारों के फोन नंबर भी ऐप के पास चले गए।

**इंटरनेट पर तेजी से पनपे कई ऐप बेहद आसानी से लोन दे देते हैं, लेकिन उनकी वसूली बहुत कठोरतापूर्ण होती है। इनमें मनमानी ब्याज दरें बड़ी समस्या हैं। कई लोग पूरा लोन चुका देते हैं।**

कुछ मामले ऐसे भी आए, जिनमें पीड़ितों ने आरोप लगाया था कि ऐप कंपनी ने उनकी तस्वीरें मोबाइल से कॉपी करने के बाद उन्हें एडिट कर आपत्तिजनक रूप दे दिया। इसके बाद कंपनी के एजेंट उन्हें वे तस्वीरें भेजकर धमकी देने लगे कि रुपए भेजिए, अन्यथा आपकी यह तस्वीर रिश्तेदारों और दोस्तों को भेजकर बदनाम कर देंगे। आमतौर पर जब किसी को लोन की जरूरत होती है तो वह उस माध्यम को तरजीह देता है, जिससे उसे जल्द और आसानी से रुपए मिल जाएं। जब वह देखता है कि कोई ऐप उसे घर बैठे, महज कुछ क्लिक के बाद लोन उपलब्ध करवा रहा है तो वह उस पर विश्वास कर लेता है। देश में बैंक भी लोन देते हैं, जो आरबीआई द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए संबंधित व्यक्ति की कमाई के स्रोतों एवं कई दस्तावेजों की जांच करते हैं। उनकी ब्याज दरें आरबीआई की निगरानी में होती हैं। निश्चित रूप से इस प्रणाली में कुछ समय लगता है। दूसरी ओर, इंटरनेट पर तेजी से पनपे कई ऐप बेहद आसानी से लोन दे देते हैं, लेकिन उनकी वसूली बहुत कठोरतापूर्ण होती है। इनमें मनमानी ब्याज दरें बड़ी समस्या हैं। कई लोग पूरा लोन चुका देते हैं। इसके बावजूद कंपनी के एजेंट कोई न कोई कमी निकालकर कह देते हैं कि अभी रकम बकाया चल रही है। उसे चुकाने के बाद कोई और रकम बकाया निकल आती है। इस चक्रव्यूह में फंसकर आम इन्सान खुद को बेबस पाता है। सरकार को चाहिए कि ऐसे तमाम ऐप्स पर खूब सख्ती करे। किसी भी ऐप को यह अधिकार नहीं होना चाहिए कि वह मनमानी शर्तें थोपकर लोगों का शोषण करे।

## ट्वीटर टॉक



आज ओटीएस स्थित आवास पर विभिन्न समाजिक प्रतिनिधि मंडल के सम्मानित प्रबुद्ध जनों से आत्मीय मुलाकात की तथा आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान हेतु उचित दिशा निर्देश दिये।

**-भजनलाल शर्मा**



विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हमें 'वोकल फॉर लोकल का संदेश गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाना है। भारत के युवाओं, किसानों का श्रम और भारत की मिट्टी की महक जिसमें हो, ऐसे सामान को खरीदें और उसका प्रचार-प्रसार करें।

**-नरेन्द्र मोदी**



धैर्य एवं अप्रतिम अनुशासन के साथ अपने खून और पसीने से मिट्टी को सींच कर एक खिलाड़ी अपने देश के लिए मेडल लाता है। आज झज्जर के छारा गांव में भाई विरेंद्र आर्य के अखाड़े पहुंच कर ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया समेत अन्य पहलवान भाइयों के साथ चर्चा की।

**-राहुल गांधी**

## प्रेरक प्रसंग

# दायित्व और पूजा

एक बार एक व्यक्ति ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस से पूछा, 'भगवन! संसार के कार्यों में व्यस्त रहने के उपरांत ईश्वर की आराधना संभव है या नहीं?' स्वामी जी मुस्कुराये और बोले, 'तुमने गांव की महिलाओं को चूड़ा बनाते हुए अवश्य देखा होगा। वह अपने एक हाथ से चूड़ा हटाती जाती है और दूसरे हाथ से बच्चे को गोदी में लेकर दूध भी पिलाती है। यदि कोई पड़ोस की महिला या अन्य उस समय उसके पास आ जाता है, तब वह उससे बातें भी करती है। खरीददार आने पर वह उससे हिसाब भी करती है, किंतु उसका काम पूर्ववत चलता रहता है। इन सब कामों के बावजूद उसका ध्यान हर समय ओखली और मूसल में ही रहता है। इसी प्रकार संसार में रहते हुए सभी कामों को करो, किंतु ध्यान ईश्वर में रखो, अन्यथा अनिष्ट हो जाएगा।

## सामयिक

# राममंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह को लेकर विपक्ष किंकर्तव्यविमूढ़

**अशोक भाटिया**

मो.: 9221232130



राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। चार महीने से भी कम समय में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या एक बार फिर से एक राजनीतिक मुद्दा बन गया है। 22 जनवरी के कार्यक्रम के लिए निमंत्रण धार्मिक नेताओं और अभिनेताओं को भेजा गया है, लेकिन विपक्षी नेताओं को भेजे गए निमंत्रण सुर्खियां बटोर रहे हैं। राम मंदिर को लेकर भाजपा की अटैकिंग मोड वाली स्ट्रैटर्जी ने विपक्ष को बुरी तरह फंसा दिया है। वामपंथी दलों को छोड़कर बाकी दूसरी पार्टियां समझ नहीं पा रही हैं कि कौन सा कदम उठाना उचित होगा। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने यह कह कर और सनसनी फैला दी है कि सभी को निमंत्रण भेजा गया था (लेकिन) केवल वे ही आ पाएंगे जिन्हें भगवान राम ने बुलाया है। स्पष्ट है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर राजनीति तो होनी ही थी। भाजपा ने फिलहाल विपक्ष को आमंत्रण देकर गुगली फेंक दिया है। इंडिया गठबंधन के बहुत से साथियों के लिए किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। फिलहाल भाजपा यही चाहती भी थी। इंडिया गठबंधन की 19 दिसंबर वाली बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी कि राम मंदिर का श्रेय लेने से किस तरह भाजपा को रोका जाए। पर राममंदिर को लेकर भाजपा की आक्रामक रणनीति में विपक्ष बुरी तरह फंस गया है।

राम मंदिर मुद्दे का भाजपा किस तरह भुनाएगी और लोकसभा चुनाव में वह इसका कैसे फायदा उठाएगी, इस बात की सबसे पहली चिंता सीमोदी नेता सीताराम येचुरी ने की थी। इंडिया गुट की बैठक में उन्होंने सभी साझेदार दलों से आग्रह किया था कि वह राम मंदिर मुद्दे पर एक काउंटर स्ट्रेटेजी तैयार करे। पूरा विपक्ष इस बारे में कोई साझा रणनीति तय कर पाता, उससे पहले वामदलों की ओर से सीपीआई (एम ) नेता बृंदा करात ने क्लियर कर दिया है कि हमारी पार्टी अयोध्या में राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल नहीं होगी। हम धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करते हैं लेकिन वे एक धार्मिक कार्यक्रम को राजनीति से जोड़ रहे हैं। यह एक धार्मिक कार्यक्रम का राजनीतिकरण है। यह सही नहीं हैं। आयोध्या से आए निमंत्रण पर येचुरी ने कहा कि हमने किसी को कुछ नहीं कहा। वो आए थे निमंत्रण देने। हमने चाय कॉफी पूछी उनको। हमे निमंत्रण मिला। उद्घाटन समारोह में मोदी , योगी और पदाधिकारी रहेंगे। राजनीतिकरण होगा इसका। ये गलत है। राजनीतिकरण के खिलाफ हम हैं। इसलिए हम नहीं जाएंगे वहां। धर्म का मतलब उनको समझना पड़ेगा। बाकि का नहीं पता, लेकिन हम नही जाएंगे।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और एनसीपी की नेता सुप्रिया सुले ने इस हफ्ते जिस तरह की बातें की हैं उससे तो यही लगता है कि दोनों कन्फ्यूज हैं कि उन्हें क्या करना है? अखिलेश यादव ने इसी हफ्ते यह कहा था कि अगर राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट उन्हें आमंत्रित करता है तो वो प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जरूर शामिल होंगे। पर इसी बीच उनकी पार्टी के दूसरे सांसदों और नेताओं के जो बयान आए हैं उससे तो यही लगाता है अखिलेश राम मंदिर समारोह में जाने के लिए उत्साहित नहीं होंगे। उनकी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहान बर्क ने कहा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन वो बाबरी मस्जिद जो हमसे छीनी गई उसके लिए दुआ करेंगे।इसी बीच सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदू धर्म के खिलाफ फिर जहर उगला है। ऐसी दशा में यही लगता है कि अखिलेश बुलावा नहीं आने का बहाना बनाकर राममंदिर समारोह से दूरी बनाना चाहते हैं। पर दूसरी तरफ विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत सभी प्रमुख दलों के प्रमुखों को आदरपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने यहां तक कहा है कि अगर आमंत्रण पत्र लेने के लिए विहिप व राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के पदाधिकारियों को मिलने का वक्त अखिलेश नहीं देंगे तो उन्हें डाक के माध्यम से आमंत्रण पत्र भेजा जाएगा। सुप्रिया सुले ने भी राम मंदिर जाने के बारे में यही कहा है कि, राम मंदिर का न्योता आने के बाद देखते हैं कि क्या करना है।

अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को निमंत्रण भेजा गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से ये न्योता भेजा गया है। इससे पहले, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी निमंत्रण भेजा गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का आमंत्रण पत्र सौंपा गया है।हालांकि कांग्रेस की तरफ से अभी तक इस तरह का कोई बयान नहीं आया है कि वो प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे या नहीं।इससे यही लगता है कि कांग्रेस भी पशोपेश में है कि समारोह में शामिल हुआ जाए या नहीं । तेलंगाना में जिस तरह मुस्लिम समुदाय ने बीआरएस को छोड़कर कांग्रेस के लिए वोट किया है उससे ये संदेश गया है कि देश में मुस्लिम वोटर्स का भरोसा कांग्रेस जीत रही है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस इस समारोह से अपने को दूर रखने की ही कोशिश करेगी।

दरअसल इंडिया गठबंधन में शामिल अधिकतर पार्टियां मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए खुद को राम मंदिर आंदोलन से दूर रखती आईं हैं। आरजेडी और समाजवादी पार्टी की सरकारों ने राम मंदिर आंदोलन के खिलाफ अपने कठोर एक्शन के चलते इतिहास में अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। 1990 में लाल कृष्ण आडवाणी की रथयात्रा को बिहार में घुसते ही केवल रोका ही नहीं गया बल्कि आडवाणी की गिरफ्तारी भी हुई। बिहार के तत्कालीन मुख्य मंत्री लालू प्रसाद यादव मुस्लिम वोटर्स के बीच ऐसा हीरो बने कि आज भी अल्पसंख्यकों का वोट आरजेडी को ही जाता है। यूपी में 1990 में ही अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलवाकर आंदोलन को जबरन दबाने का श्रेय यूपी के तत्कालीन सीएम मुलायम सिंह यादव ले चुके हैं। लेकिन कांग्रेस अब अपने परंपरागत वोटर्स रहे मुसलमानों को फिर से अपने कैंप में लाने की कोशिश कर रही है। इस बीच पिछले 10 सालों में देश की राजनीति में इतना बदलाव आया है कि हर पार्टी यह दिखाने की कोशिश करने लगी है कि वो हिंदुओं की दुश्मन नहीं है। यही कारण है कि इन पार्टियों के संगठन में या विधायकों - सांसदों के टिकट वितरण में मुस्लिमों की संख्या कम होती जा रही है।कोई भी पार्टी यह नहीं दिखाना चाहती है कि वो मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदू हितों की अवहेलना कर रही है।मध्यप्रदेश-राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने सॉफ्ट हिंदुत्व की छवि बनाने के लिए तमाम ऐसे नियम कानून बनाए और बनाने का वादा किया जो सीधे हिंदुओं को फायदा पहुंचाने वाले थे।

मुश्किल ये है कि सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे अगर नहीं जाते हैं तो भाजपा को कांग्रेस नेताओं को एंटी हिंदू साबित करने का मौका मिल जाएगा। और अगर ये जाते हैं तो और अखिलेश यादव और मायावती नहीं जाते हैं मुसलमानों के वोट समाजवादी पार्टी और बीएसपी की तरफ शिफ्ट होने का खतरा हो जाएगा। बिल्कुल यही बात अखिलेश यादव और मायावती के साथ है। अगर ये लोग नहीं जाते हैं और कांग्रेस नेता समारोह में शामिल होते हैं तो इन्हें भी मुस्लिम वोट के कांग्रेस की ओर शिफ्ट होने का खतरा सताएगा। यही हाल नीतीश कुमार और तेजस्वी के लिए भी है। नीतीश कुमार एक तरफ हिंदुओं को खुश करने के लिए बिहार सरकार के खर्च पर सीता माता का मंदिर बनवा रहे हैं, किस मुंह से राम मंदिर समारोह में आने से इनकार कर सकेंगे। कुछ जानकर लोगों का कहना है कि विपक्ष के पास जो विकल्प है उसके अनुसार इंडिया गठबंधन समारोह में शामिल होने के लिए एक साथ जा सकते हैं। इसके अलावा समारोह में कोई भी शामिल नहीं होने जा सकता है। इससे इतर सभी पार्टी को स्वतंत्र छोड़ दिया जाए। जो भी जाना चाहे वो जाए और जो दूरी बनाना चाहे वोनहीं जाए। इसके अलावा इस मुद्दे से विपक्षी पार्टी दूरी भी बना सकती है, जिससे भाजपा को पलटवार का कोई मौका नहीं मिलेगा ।

गौरतलब है कि अयोध्या में राम मंदिर के निमंत्रण को लेकर सियासी बयानबाजी और अटकलों का दौर विपक्षी नेताओं तक ही सीमित नहीं रहा हैं । राम जन्मभूमि आंदोलन का नेतृत्व करने वाले भाजपा के दो दिग्गजों लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को नजरअंदाज किए जाने की बात भी मीडिया में चर्चा के केंद्र में रही। इस स्पष्ट अनदेखी से विवाद खड़ा हो गया और विपक्ष के कई लोगों ने भाजपा पर पुराने लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया। कुछ ही समय बाद विश्व हिंदू परिषद ने कहा कि वास्तव में पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जोशी को निमंत्रण भेजा गया था। लेकिन वे इसमें शामिल होंगे या नहीं यह अभी भी स्पष्ट नहीं है।

## मुद्दा

# घाटी में सैन्य कार्रवाई की संवेदनशीलता

**ललित गर्ग**

मो.: 9811051133



**निश्चित ही घाटी में शांतिपूर्ण मतदान कराने तक का समय अधिक चुनौतीपूर्ण है। चीन एवं पाकिस्तान ऐसा न हो, इसके लिये सभी तरह के हथकंड़े अपनायेंगे, साजिश एवं षड़यंत्र करेंगे। वैसे भी अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी हो या पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता या फिर गाजा में हमास और इस्राइल की जंग- कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर इन सबका प्रभाव पड़ता है। वजह यह है कि यहां से कट्टरपंथी धाराओं का प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सका है।**

पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती इलाके में एक बार फिर आतंकी हमला हुआ है, यह संविधान के अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद किया गया पहला बड़ा आतंकवादी हमला है। यह हमला जहां आतंकियों की हताशा को दर्शा रहा, वही ऐसी संभावनाएं भी पुरजोर उजागर कर रहा है आतंकी तत्व ऐसी और वारदात को अंजाम देने की कोशिश करेंगे। घाटी में शांति एवं विकास को बाधित करने की आतंकवादियों की कुचेष्ठाओं को निष्फल करने के लिये सुरक्षाकर्मियों को अपनी तैयारी को अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं संवेदनशील करना होगा। विशेषतः सुरक्षाकर्मियों को मनोबल एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ घाटी के लोगों के लिये संवेदनशील होना होगा ताकि घाटी में आतंक एवं अशांति फैलाने के मनसूबे सफल न हो सके। हालांकि आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो इसमें संदेह नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन यह भी सच है कि ऐसे कई हमले पिछले कुछ अर्से में हुए हैं। अब कश्मीर भारत की इज्जत एवं प्रतिष्ठा का प्रश्न है, नाक है। पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती इलाके आतंकी गढ़ बने हुए हैं, इन क्षेत्रों के घने जंगलों के कारण आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में सुविधा रहती है। यही कारण है कि इन्हीं क्षेत्रों में बार-बार आतंकवादी घटनाएं हो रही है। इसी इलाके में इस साल अप्रैल में सेना के वाहनों पर हुए ऐसे ही हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। इसके अगले महीने मई में यहीं एक आतंक विरोधी अभियान के दौरान सेना पर हमला हुआ, जिसमें पांच जवानों की जान गई। यही नहीं, अक्टूबर महीने में फिर यहीं आतंकी हमला हुआ, जिसमें नौ जवान शहीद हुए। अब विगत गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में पाक घुसपैठियों ने घुसकर भारतीय सीमाओं की रक्षा कर रहे चार सुरक्षा सैनिकों की हत्या कर डाली, जो असहनीय है। इसकी गंभीरता को देखते हुए पूछताछ के लिए उठाए गए आठ लोगों में से तीन लोगों का मृत पाया जाना अधिक गंभीर था।

बेशक 370 हटने से माहौल बदला है मगर इसका मतलब यह भी नहीं है कि नागरिकों के सन्दर्भ में सेना की किसी भी कोताही को सेना का खुद का तन्त्र और सरकार बर्दाश्त कर सकती है। हर नागरिक का न्याय पाना भी मौलिक अधिकार होता है। इसी वजह से सेना खुद तीन नागरिकों की मृत्यु के बारे में बहुत संजीदा एवं संवेदनशील नजर आई है और दुनिया को यह सन्देश देना चाहती है कि भारत की सेनाएं केवल विश्व के विभिन्न अशान्त क्षेत्रों में ही शान्ति कायम करने के लिए नहीं बुलाई जाती है बल्कि अपने देश में भी वह पूरी संवेदनशीलता एवं मानवीयता के साथ इस पर अमल करती हैं। इसीलिये सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का सोमवार को खुद जम्मू के राजौरी और पुंछ सेक्टर पहुंचे। उनके द्वारा सुरक्षा स्थितियों का जायजा लेना और सेना के ब्रिगेडियर सहित तीन अफसरों को हटाते हुए तत्काल पूरे मामले की तत्परता से जांच शुरू करना बताता है कि सर्वोच्च सैन्य नेतृत्व की दृष्टि में घाटी की आतंकवादी घटनाएं एवं उनके खिलाफ खड़े सैन्य अधिकारियों की थोड़ी भी चूक कितनी गंभीर है। यह सर्वोच्च सैन्य नेतृत्व की संवेदनशीलता एवं इंसानियत का प्रेरक उदाहरण है। बार-बार जंग का मैदान देख चुके कश्मीर को बुलट की जगह बैलेट की ओर लाने के लिये सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता जरूरी है। भले ही आतंकी घटनाओं का रह-रह कर रंग दिखाना एक अघोषित जंग ही है, जंग कोई भी हो खतरा तो उठाना ही पड़ता है। जंग कैसी भी हो, लड़ता पूरा राष्ट्र है।

यह जाहिर है कि जम्मू-कश्मीर में सैन्य बलों को बेहद मुश्किल हालात में अपना काम करना होता है। और जितनी कुशलता से वे अपने कार्यों को अंजाम दे रहे हैं, जिन संकटों एवं खतरों का सामना कर रहे है, वह सराहनीय है। लेकिन पिछले सप्ताह की घटनाओं को देखें तो ऐसा लगता है कि इस बार उनसे कुछ चूक हुई है। ऐसी लापरवाही या गैर जिम्मेदाराना रवैया हमारे कश्मीर-संकल्प को धुंधलाते हैं। हमें बहुत सावधानी एवं सतर्कता से अपने लक्ष्यों को हासिल करना है, इस दृष्टि से सेनाध्यक्ष ने जो तत्परता दिखाई है, वह वक्त की नजाकत को देखते हुए जरूरी थी। उन्होंने न केवल जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए जहां सभी चुनौतियों से दृढ़ता से निपटने के उनके जज्बे की तारीफ की, वहीं यह हिदायत भी दी कि वे सैन्य कार्रवाई के दौरान सेना के आदर्श को सामने रखे।

पिछले करीब एक साल की घटनाएं बताती हैं कि इस इलाके में आतंकवादियों की सक्रियता बढ़ी है। ऐसा लगता है कि आतंकवादियों ने इस इलाके में अपनी आतंकी घटनाओं को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिये पूरा तंत्र विकसित कर लिया है। विशेषतः आतंकवादियों को यहां रहने वाले कुछ लोगों की प्रत्यक्ष या परोक्ष मदद मिलना अधिक चिन्ता का विषय है। जबकि अनुच्छेद 370 के इतिहास का हिस्सा बन जाने के बाद से घाटी में शांति एवं अमन का, विकास एवं सौहार्द का एक नया दौर शुरू हुआ है। स्थानीय व्यापार ने तरक्की के नये शिखर प्राप्त किये हैं, पयर्टकों की बढ़ती संख्या जहां लोकल इकॉनमी को बढ़ावा दे रही है, वहीं नौजवानों को रोजगार के मौके भी मुहैया करा रही है। ऐसे में आतंकवादी तत्व बेसब्री से आतंक, अशांति, असंतोष एवं उन्माद फैलाने का मौका तलाश रहे हैं। पडोसी देश पाकिस्तान आतंकवाद को पनपाने के लिये हर तरह से सहयोग कर रहा है। पाकिस्तान के कारण ही घाटी दोषी एवं निर्दोष लोगों के खून की हल्दीघाटी बना रहा है, उसने न केवल घाटी में बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ जहर उगलना जारी किए हुए है। हालांकि अब पूरी दुनिया के सामने यह साफ हो चुका है कि पाकिस्तान ही पूरी दुनिया में ऐसा मुल्क है जिसे दहशतगर्दों एवं आतंकवादियों की उर्वरा जमीन कहा जाता है परन्तु दुर्भाग्य से पूर्व में भारत के भीतर भी कुछ गैर सरकारी संगठन एवं घाटी की राजनैतिक शक्तियों ने कश्मीर में सेना द्वारा मानवीय अधिकारों के उल्लंघन का मसला उठाने की कोशिश करते रहे हैं जिसका जवाब भी पूर्व में ही हमारी सेना के भीतरी न्यायिक तन्त्र द्वारा बखूबी दिया जाता रहा है और किसी भी दोषी को बचाने की मेहरबानी कभी नहीं की गई है लेकिन इसके साथ यह भी हकीकत है कि कश्मीर में ही कुछ पाक समर्थक माने जाने वाली शक्तियां हमारे सैनिकों को खलनायक के तौर पर पेश करने तक से भी बाज नहीं आती रही हैं। इस चुनौतीपूर्ण दौर में सैन्य अधिकारियों को अधिक सतर्कता एवं सावधानी से आगे बढ़ना होगा एवं आतंकवाद को निस्तेज करना होगा।

कश्मीर में असली जंग अब है। घाटी के लोगों को बन्दूक से सन्दूक तक लाना बेशक कठिन एवं पेचीदा काम है, लेकिन इस वक्त राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता संबंधी कौनसा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं है? निश्चित ही घाटी में शांतिपूर्ण मतदान कराने तक का समय अधिक चुनौतीपूर्ण है। चीन एवं पाकिस्तान ऐसा न हो, इसके लिये सभी तरह के हथकंड़े अपनायेंगे, साजिश एवं षड़यंत्र करेंगे। वैसे भी अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी हो या पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता या फिर गाजा में हमास और इस्राइल की जंग- कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर इन सबका प्रभाव पड़ता है। वजह यह है कि यहां से कट्टरपंथी धाराओं का प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सका है। चूंकि भारत के लिए आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ी ढाल कश्मीर के लोग ही हैं, इसलिए लोगों का विश्वास बनाए रखते हुए ही आगे बढ़ना होगा चाहे सवाल सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता का हो या चुनावी प्रक्रिया की बहाली का। इसके लिये कश्मीरी लोगों का विश्वास जीतना सबसे बड़ी चुनौती है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

स्वागत



बेलारूस की राजधानी मिन्स्क में आगामी नए साल का स्वागत करने के लिए लोग फोटो खिंचवाते हुए।

# आईआईटी बंबई के साथ 'भारत-जीपीटी' लाने की कोशिश में रिलायंस जियो : आकाश अंबानी

मुंबई/दक्षिण भारत। दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने बुधवार को कहा कि कंपनी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), बंबई के साथ मिलकर 'भारत-जीपीटी' कार्यक्रम पेश करने की कोशिश में लगी है। इसके अलावा रिलायंस जियो टेलीविजन के लिए एक ऑपरेटिंग सिस्टम भी लाने के बारे में विस्तार से गौर कर रही है। टेलीविजन ऑपरेटिंग सिस्टम की दिशा में कंपनी पिछले कुछ समय से काम कर रही है। अंबानी ने आईआईटी बंबई के सालाना कार्यक्रम 'टेकफेस्ट' को संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी के लिए विकास का परिवेश तैयार करना बहुत महत्वपूर्ण है और 'जियो 2.0' की संकल्पना पर पहले से काम चल रहा है। उन्होंने कहा, हम आईआईटी, बंबई के साथ मिलकर भारत जीपीटी कार्यक्रम लाने की परियोजना पर काम कर रहे हैं। हालांकि अभी जेनरेटिव एआई एवं विशाल भाषाई मॉडलों के साथ शुरुआती काम ही हुआ है। अगला दशक इन एप्लिकेशन से ही परिभाषित होगा। रिलायंस जियो के चेयरमैन ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उत्पादों एवं सेवाओं के हरेक क्षेत्र में बदलाव लेकर आएगी। एआई को सभी क्षेत्रों में लागू करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर अंबानी ने कहा कि जियो मीडिया क्षेत्र, वाणिज्य, संचार के अलावा उपकरणों के क्षेत्र में भी नए उत्पाद एवं सेवाएं लेकर आएगी।

मुलाकात



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को झज्जर में वीरेंद्र आर्य अखाड़े के दौरे के दौरान ओलंपियन बजरंग पुनिया सहित पहलवानों से मुलाकात की।

# महाकुम्भ 2025 के ट्रायल के रूप में होगा माघ मेला : आदित्यनाथ

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि अगले महीने



संगम नगरी में लगने वाला माघ मेला, 2025 के महाकुम्भ के ट्रायल के तौर पर आयोजित किया जाएगा। यहां माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं को बताया, 15 जनवरी को मकर संक्रांति से शुरू होने जा रहा माघ मेला, 2025 के महाकुम्भ के ट्रायल के तौर पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें शासन और प्रशासन श्रद्धालुओं और साधु संतों को हर सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे माघ मेले में 100 किलोमीटर के दायरे में 'चकर्ड प्लेटें' बिछाई जा रही हैं तथा जलापूर्ति के लिए 200 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाई जा रही है एवं 18,000 से अधिक 'स्ट्रीट लाइटें' लगाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा,''माघ मेला क्षेत्र में 63 से 65 किलोमीटर की ड्रेनेज पाइपलाइन बिछाने की व्यवस्था की जा रही है। मेला क्षेत्र में चिकित्सालय की भी व्यवस्था की जा रही है तथा 8,000 फुट से अधिक के स्नान घाट विशेष रूप से तैयार किए जा रहे हैं।''

# 1984 के दंगा पीड़ित सिखों के साथ अन्याय करने वाले 'न्याय' की बात कर रहे हैं : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 'भारत न्याय यात्रा' निकालने के कांग्रेस के फैसले पर तंज कसते हुए बुधवार को विपक्षी पार्टी पर 1984 के सिख दंगा पीड़ितों को कई वर्षों तक न्याय दिलाने में विफल रहने और 'टुकड़े-टुकड़े' गैंग के साथ खड़े होने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने बुधवार को घोषणा की कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से मुंबई तक 'भारत न्याय यात्रा' आयोजित करेगी, जो 14 जनवरी से 14 राज्यों और 85 जिलों से होकर गुजरेगी। यात्रा का समापन 20 मार्च को उसी समय होगा जब अगले लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा होने की संभावना है। ठाकुर ने कांग्रेस की भारत न्याय यात्रा के बारे में पूछे जाने पर यहां संवाददाताओं से कहा, ''जो लोग 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को कई वर्षों तक न्याय नहीं दिला सके, वे किसी के साथ न्याय कैसे कर सकते हैं?''

उन्होंने कहा, ''जो लोग टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्यों को शामिल करते हैं और जाति और क्षेत्र के आधार पर विभाजन पैदा करते हैं, वे कैसे न्याय प्रदान करेंगे?'' उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार है जिसने 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए एसआईटी का गठन कर जांच का जिम्मा सौंपा। वर्ष 2016 में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में हुए विवाद के बाद से भाजपा के नेता कुछ तत्वों को 'राष्ट्र-विरोधी' के रूप में आरोपित करने के लिए 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का इस्तेमाल करते हैं। ठाकुर ने कहा कि देश के लोग भगवान राम को काल्पनिक कहने वाले उनके असली चेहरे को पहचान चुके हैं, जिनके गठबंधन के सहयोगी सनातन धर्म को बदतर तौर पर प्रदर्शित करते हैं और हिंदुओं का अपमान करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''इतना ही नहीं उनके नेता एक के बाद एक ओछे बयान दे रहे हैं।''

ठाकुर ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का पूरा प्रयास गरीब लोगों का कल्याण और देश का विकास सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार ने सुशासन का एक नया मानदंड स्थापित किया है। इसने 13.5 करोड़ गरीब लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है।'' उन्होंने कहा, ''और हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि शेष गरीब लोगों और जो जरूरतमंद हैं, उन्हें भी अगले पांच वर्षों में सुविधाएं और सहायता मिल जाए जब मोदी सरकार (2024 में) सत्ता में लौटेगी।'' कांग्रेस और उसके नेताओं का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि वे 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के साथ रहेंगे और गरीबों के कल्याण के लिए कुछ नहीं करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर विपक्षी दलों द्वारा सवाल उठाए जाने के बारे में पूछे जाने पर ठाकुर ने पूछा कि क्या तेलंगाना में ईवीएम अलग हैं, जहां कांग्रेस विधानसभा चुनावों में विजयी हुई है। उन्होंने कहा, ''जो लोग (भारत में) कंप्यूटर लाने का श्रेय लेते रहते हैं, वे प्रौद्योगिकी का विरोध कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''देश के लोग भी अब उन पर हंस रहे हैं।''



# फिल्म 'लाडो 2' की शूटिंग शुरू

मुंबई/वार्ता

यश कुमार एंटरटेनमेंट प्रस्तुत निर्माता यश कुमार एवं निधि मिश्रा की आने वाली फिल्म लाडो 2 की शूटिंग शुरू हो गयी है। फिल्म लाडो 2 की शूटिंग गुजरात के खूबसूरत लोकेशन में शुरू हुई है। फिल्म लाडो 2 के निर्देशक सुजीत श्रीवास्तव हैं। फिल्म लाडो 2 में यश कुमार महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आने वाले हैं।

फिल्म लाडो 2 को लेकर यश कुमार ने बताया कि अब लोग एक ही तरह की कहानी नहीं देखना चाहते। जब से डिजिटल मीडिया ने लोगों को विकल्प दिया है, उसके बाद से आप पब्लिक पर कुछ भी बना कर ना थोप से सकते हैं और ना ही ये कह सकते हैं कि पब्लिक जो देखना चाहती है, वही बनाएंगे। क्योंकि आज पब्लिक के सामने अच्छी फिल्में हैं, तो वे उस ओर रुख कर चुके हैं। यह मैं अपनी फिल्म लाडो के पहले पार्ट और अन्य फिल्मों के अनुभव के अनुसार कह रहा हूं। मुझे लगता है कि लाडो 2 भी दर्शकों को पसंद आएगी, क्योंकि इस फिल्म में भी कहानी है और कला को अदभुत प्रस्तुति मिलने वाली है। इसलिए सबों से आग्रह करूंगा कि जब भी हमारी फिल्म आएगी, तब आप पहले से अधिक प्यार और आशीर्वाद दीजिए। वहीं, फिल्म के निर्देशक सुजीत श्रीवास्तव ने लाडो 2 को मजेदार कहानी वाली फिल्म बताया और कहा कि इस फिल्म का निर्माण पूरी भव्यता के साथ की जा रही है। इस फिल्म में बहुत सारे की पॉइंट्स हैं, जो इसे अलग बनाएंगे। इसकी चर्चा हम आगे आने वाले दिनों में करेंगे।

लाडो 2 में यश कुमार, रितिक शर्मा, वियाना दादवानी, रोहित सिंह मटरू, प्रेरणा सुषमा, बालेश्वर सिंह, सुबोध सेठ, युगांत पांडे, नौशाद शेख, शाहिद कादरी, अनूप अरोरा, हैप्पी राय, राकेश बाबू, ऋषि और चंदन कश्यप मुख्य भूमिका में हैं।

# जमाल कुडू पर जमकर नाचे सनी देओल

मुंबई/एजेन्सी



संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' लगातार इन दिनों चर्चा में हैं। इस फिल्म में बॉबी देओल के रोल को भी काफी पसंद किया गया था। इतना ही नहीं, उनके ऊपर फिल्माए गए गाने 'जमाल कुडू' ने भी खूब तहलका मचाया है। अब तक करोड़ों रील इस गाने पर बन चुकी हैं तो अब बॉबी देओल के गाने का फितूर उनके बड़े भाई सनी देओल के सिर भी चढ़ चुका है। क्रिसमस के मौके पर सनी देओल ने एक प्यारा सा डांस वीडियो शेयर किया। उन्होंने भाई बॉबी देओल के गाने 'जमाल कुडू' पर टेडी बियर लेकर डांस भी किया। उन्होंने ये भी कहा कि ये टेडी बियर उन्हें काफी पसंद है। साथ ही वह इस गाने का हुक स्टेप भी करते नजर आए।

सनी देओल के वीडियो को देखने के बाद तमाम फैंस ने तो कमेंट किया ही। साथ ही उनकी को-एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने भी रिएक्ट किया। अमीषा ने कहा कि सनी देओल किसी भी टेडी बियर से कहीं ज्यादा क्यूट हैं। सनी देओल की अपकमिंग फिल्में वर्कफ्रंट की बात करें तो सनी देओल इन दिनों 'सफर' फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। फिर इसके बाद उनके पास 'लाहौर 1947' भी है जो कि आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बन रही है।

# सलमान खान के जन्मदिन पर आमिर खान से लेकर करीना कपूर तक कई सेलेब्स ने दी बधाई

मुंबई/एजेन्सी



सलमान खान यकीनन देश के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं। बॉक्स ऑफिस के जादुगर जिन्होंने कई रिकॉर्ड्स बनाए हैं आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। देश भर में सलमान खान के अरबों फैन्स और शुभचिंतक इस खास दिन को एक त्योहार के रूप में मनाते हैं, और सलमान की तरह, वो भी अनाथालय के बच्चों के साथ केक काटकर या फिर जरूरतमंद लोगों की मदद करके इस दिन को सेलिब्रेट करते हैं। खैर, इन सालों में, सलमान खान ने खुद को जनता के एक्शन स्टार के रूप में स्थापित किया है और एक्शन शैली में कुछ बेहतरीन फिल्में दी हैं। सुपरस्टार 90 के दशक से भारतीय सिनेमा में एकमात्र सुपरस्टार हैं जिनके नाम 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में हैं, और वह बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब में लगातार 17 फिल्में देने वाले एकमात्र भारतीय सुपरस्टार हैं। और क्योंकि सलमान खान आज अपना जन्मदिन मना रहा है, इसलिए यह मौका फैन्स और दर्शकों के लिए एक त्योहार की तरह आया है। सलमान खान फैन्स सोशल मीडिया पर ट्रेंड करके अपने पसंदीदा स्टार के लिए प्यार दिखा रहे हैं और इंडस्ट्री के कई नाम सुपरस्टार को उनके खास दिन के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस जश्न में शामिल होते हुए सलमान खान फिल्म्स ने एक खास वीडियो भी शेयर किया है, जहां बैकग्राउंड में कुछ बड़े सितारे सलामन खान की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में आमिर खान सलमान खान के मेगास्टारडम की तारीफ करते नजर आए और उन्होंने कहा, ''जब मैं सलमान खान को कमरे में जाते हुए देखता हूं तो ऐसा लगता है जैसे कोई सुपरस्टार आ रहा है.'' रणवीर सिंह कहते नजर आए- ''मैंने अपनी जिंदगी में ऐसा जोश कभी नहीं देखा, सलमान सर के मसल्स फ्लॉन्ट करने पर जो रिएक्शन आता है वो कमाल है।

# गुपचुप शादी कर चुकी हैं श्रुति हसन?

मुंबई/एजेन्सी



कमल हासन और सारिका की बेटी श्रुति हासन लंबे समय से आर्टिस्ट शांतनु हजारिका को डेट कर रही हैं। वे कई मौकों पर साथ नजर आ चुके हैं। फैंस उनकी शादी को लेकर उत्सुक हैं। इस बीच सेलेब किड्स के दोस्त ओरी उर्फ ओरहान अवात्रामणि ने श्रुति की शादी को लेकर एक खुलासा किया है। दरअसल ओरी ने सोमवार (25 दिसंबर) को क्रिसमस के दिन रेडिट पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन रखा। इस दौरान फैंस ने उनकी जिंदगी से जुड़े कुछ पर्सनल सवाल पूछे। सबसे पहले एक सोशल मीडिया यूजर ने पूछा, हाय ओरी क्या कोई ऐसा सेलिब्रेटी है जिसने आपके साथ फोटो खिंचवाने से मना किया हो और जबरदस्ती का एटीट्यूड दिखाया हो? अगर आप नाम नहीं ले सकते तो कोई हिंट तो दे सकते हैं'। ओरी ने जवाब में श्रुति का नाम लिखा। ओरी ने कहा कि मैंने उसे कभी पोज देने के लिए नहीं कहा, लेकिन एक इवेंट में जहां वह मुझे मिली थी, वो मेरे साथ बहुत रूड थीं। मैं उन्हें जानता भी नहीं था और मुझे श्रुति के बर्ताव का बहुत बुरा लगा।

शायद कुछ गलतफहमी हो गई थी। मुझे श्रुति का व्यवहार अच्छा नहीं लगा, क्योंकि मेरी उनके पति शांतनु के साथ बहुत अच्छी बनती है और मैं उन्हें बहुत पसंद भी करता हूं। हालांकि वक्त के साथ चीजें ठीक हो जाएंगी। ओरी के इस जवाब के बाद फैंस श्रुति की शादी की अटकलें लगा रहे हैं। हालांकि कुछ समय पहले श्रुति ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि शादी शब्द से ही मुझे बहुत डर लगता है, इसलिए फिलहाल शादी करने का कोई इरादा नहीं है। उल्लेखनीय है कि श्रुति हाल ही रिलीज हुई फिल्म 'सलार' में नजर आ रही हैं।

# किशोरी से यौन उत्पीड़न का आरोपी फिल्म निर्देशक गिरफ्तार

मुंबई/वार्ता। महाराष्ट्र के मुंबई में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत एक विशेष अदालत ने स्वयं को गुजराती फिल्म निर्देशक बताने और एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक व्यक्ति को एक सप्ताह के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। एक अधिकारी ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपी साजिद खान पर पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने कहा कि गुजरात की नाबालिग लड़की अपने डांस या लिप-सिंकिंग के छोटे वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करती थी। वह आरोपी के संपर्क में आई, जो पिछले रविवार को लड़की को मुंबई लाया और दोनों के लिए एक होटल का कमरा बुक किया।

# तेलुगु डेब्यू 'मायावन' की शूटिंग में व्यस्त हैं आकांशा रंजन कपूर

मुंबई/एजेन्सी

'गिल्टी', 'रे' और 'मोनिका, ओह माय डार्लिंग' फेम आकांक्षा रंजन कपूर ने हैदराबाद में अपनी पहली तेलुगु फिल्म 'मायावन' की शूटिंग शुरू कर दी है। यह तेलुगु सिनेमा में उनकी पहली फिल्म है और इसमें संदीप किशन भी हैं। फिल्म का निर्देशन 'इराइवी', 'कधलुम कडंधु पोगम', 'सुधु कव्वुम' और 'पिज्ञा' जैसी फिल्म डायरेक्ट करने वाले सीवी कुमार ने किया है।

आकांशा ने कहा, मैं फिल्म की तैयारी करने और टीम को समझने के लिए शूटिंग शुरू होने से एक सप्ताह पहले हैदराबाद पहुंची। यहां हर कोई विनम्र है। सीवी सर और संदीप बेहद सहयोगी रहे हैं। ऐसा महसूस होता है जैसे पूरी टीम एक परिवार है।

उन्होंने कहा, यह तेलुगु भाषा में मेरी पहली फिल्म है, इसलिए मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती हूं। मैंने एक ट्यूटर की मदद से तेलुगु सीखना शुरू कर दिया है। मैं उम्मीद कर रही हूं कि मैं अपनी लाइन्स को भी डब करूं। यह एक व्यक्तिगत जीत होगी। सीवी कुमार द्वारा निर्देशित 'मायावन' एक मनोरम सिनेमाई यात्रा का वादा करती है, जिसमें आकांशा रंजन कपूर और संदीप किशन की जोड़ी है।



# 'खो गए हम कहाँ' को मिला दर्शकों का प्यार

मुंबई/एजेन्सी

अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव की फिल्म 'खो गए हम कहां', 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है। फिल्म की कहानी तीन दोस्त आहना, इमाद और नील के इर्द-गिर्द बुनी गयी है। आज के डिजिटल युग में प्यार, दोस्ती और आपसी रिश्तों में सोशल मीडिया की दखलअंदाजी कैसे हावी हो रही है, उसी को यह फिल्म दिखाती है। अनन्या पांडे ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में 'आहना' का किरदार निभाया है। दर्शकों को उनका यह रोल बेहद पंसद आ रहा है। फिल्म को मिल रहे रिस्पॉन्स से अनन्या पांडे काफी खुश हैं और उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म से जुड़े कुछ फोटो को साझा करते हुए शुक्रिया अदा किया है।

एक्ट्रेस ने लिखा, 'खो गए हम कहां की अहाना को इतना प्यार देने के लिए शुक्रिया। आपको पता भी नहीं है कि आपके शब्द मेरे लिए कितना मायने रखते हैं।' इसके साथ ही अनन्या ने अपने फिल्म से जुड़े सभी लोगों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। अनन्या लिखती हैं, 'फरहान अख्तर , जोया अख्तर, रीमा कागती और अर्जुन...मुझे इस फिल्म का हिस्सा बनाने के लिए शुक्रिया। अनन्या ने अपने को-स्टार सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव को भी पोस्ट में टैग करते हुए याद किया है।

अनन्या पांडे के अलावा फिल्म से जुड़े दूसरे सितारे सिद्धांत चतुर्वेदी ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो साझा करते हुए दर्शकों के प्रति आभार प्रकट किया है। सिद्धांत ने भी फिल्म से जुड़े सभी लोगों को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में टैग करते हुए थैंक्स लिखा है। अपनी फिल्म 'खो गए हम कहां' के लिए सिद्धांत ने लिखा है कि ये फिल्म उनके लिए एक 'इमोशनल रोलर-कॉस्टर' सफर जैसी रही है। फिल्म में सिद्धांत ने 'इमाद' का किरदार निभाया है जो एक स्टैंड-अप कॉमेडियन है। लोगों को उनका ये किरदार काफी पसंद आ रहा है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत 8
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

अहिंसा धर्म परमात्मा का धर्म है। जहां पर अहिंसा है, वहां पर अमृत है, जहां पर हिंसा है वहां पर विष है, जहां पर अहिंसा की प्राण-प्रतिष्ठा होती है वहां का वातावरण भय मुक्त हो जाता है। परमात्मा में परमाणुओं का दिव्य प्रभाव हुआ करता है, बकरी और शेर भी एक साथ बैठकर निर्भय होकर परमात्मा की वाणी को श्रवण करते थे। जहां पर अहिंसा, करुणा और मानवता की भावना होती है वहां पर उनका जीवन धन्य हो जाता है। अहिंसा की प्रतिमूर्ति थी साध्वीश्री यंशकवरजी।

# पवनकुमार बने दक्षिण रेलवे चेन्नई मंडल के सलाहकार समिति सदस्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं जिला सचिव पवनकुमार राजपुरोहित को दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल द्वारा स्टेशन सलाहकार समिति सदस्य के रूप में नामित किया गया है। उनका कार्यकाल 2 वर्षों का होगा। राजपुरोहित के रेलवे के चेन्नई मंडल में बतौर स्टेशन सलाहकार समिति सदस्य नामित होने पर प्रवासियों में हर्ष है।




# बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु ग्राहक लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुचिरापल्ली। शहर के बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा महिला सशक्तिकरण के महती उद्देश्य के साथ ग्राहक लोकसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बैंक ऑफ़ इंडिया के कार्यपालक निदेशक एम. कार्तिकेयन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही बैंक के एनबीजी दक्षिण-1 के महाप्रबंधक मुकेश शर्मा की उपस्थिति में बैंक के मदुरै अंचल के आंचलिक प्रबंधक जी. उन्निकृष्णन ने अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक स्वयं सहायता समूह के सदस्यगण ने इसमें भाग लिया ।

कार्तिकेयन ने स्वयं सहायता समूहों और संयुक्त देयता समूहों में स्वीकृति पत्र वितरित किए।



# साध्वीश्री सुशीला पहुंची मैलापुर, नववर्ष की मांगलिक देंगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के मैलापुर में साध्वीश्री सुशीलाजी का पदार्पण हुआ। एसएसजेवाईएस लेडिज विंग की सदस्याओं ने साध्वीश्री का स्वागत किया। इस मौके पर साध्वीश्री ने कहा कि जीवन को बेस्ट बनाने के लिए अच्छे कार्य करें और आने वाले वर्ष में नियमित नवकार का जाप करें। विहार सेवा में नवयुवकों को अपना अनमोल समय देना चाहिए और प्रमाद व आलस्य का त्याग कर संत सेवा करनी चाहिए। विहार सेवा में योगदान देने वाले पुण्य के भागी होते हैं।

इस मौके पर वर्धमान जैन नवयुवक मंडल पुरुषावाक्कम के अध्यक्ष दिलीप बोरा, गुरु गणेश मिश्री सेवा समिति के गौतम गुगलिया,जैन क्रॉन्फ्रेन्स तमिलनाडु के अध्यक्ष आनंद बालेचा, मंत्री मनीष रांका, संस्कार मंच के भरत नाहर, महावीर ललवाणी, युवक संघ मैलापुर के अध्यक्ष संजय सेठिया, दिलीप रांका, गौतम छाजेड, अभय मेहता, सिद्धार्थ रुणवाल, चन्द्रप्रकाश अलीजार, दिनेश मुथा, कांति कांकलिया आदि का विहार सेवा में विशेष सहयोग रहा। मंत्री विमल खाबिया ने बताया कि नववर्ष के मौके पर साध्वीश्री महामांगलिक प्रदान करेंगी।



# उपयोगी सिद्ध होगी 'जायका' रेसिपी संकलन पुस्तक : बिंदु रायसोनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु । शहर के जीतो नॉर्थ की महिला विंग द्वारा गत दिनों संपन्न जीतो जायका के राष्ट्रीय फिनाले के सफलतम आयोजन के उपलक्ष्य में उत्सव का आयोजन किया जिसमें अनिता पिरगल के संपादन व मीना बड़ेरा के सह संपादन में जीतो की 80 शाखाओं की विजेताओं की स्वादिष्ट व्यंजनों की रेसिपी को एक पुस्तक का आकार देकर प्रकाशित व विमोचित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने कहा कि भारतीय महिलायें पाक् कला विशेषज्ञ होती है और मौसम व समयानुसार नित नये व्यंजन बनाकर वो अपनी इस कला को सार्थक भी करती आ रही है। अगर उन्हें अलग-अलग व्यंजनों की रेसीपी एक ही संग्रह में मिल जाये तो वो उनके लिये सोने पे सुहागा जैसा होता है। व्यंजन बनाने की शौकीन महिलाओं के लिये आने वाले समय में यह पुस्तक उपयोगी सिद्ध होगी। जायका संयोजिका पिंकी मेहता व सह संयोजिका सुमन रांका के अनुसार जीतो के जोन स्तर के विजेताओं की रेसीपी की संग्रहित यह पुस्तक रसोईघर से संबंधित एक ऐसी पुस्तक है जिसमें खाना पकाने की विधियों का संग्रह है। इस पुस्तक में रेस्तरा जैसा स्वाद घर पर बनाने से संबंधित तकनीकों, खाना बनाने की विधियों एवं मशहूर बावर्चियों की टिप्पणियों को शामिल किया गया है।

राजाजीनगर स्थित जीतो कार्यालय में आयोजित उत्सव में ज़ायका आयोजन में संलग्न टीम सदस्यों एवं विभिन्न संयोजिकाओं का सम्मान किया गया। शैलेश सेठिया के सुमधुर संगीत-गीतों की प्रस्तुति दी। जायका आयोजन की विभिन्न समितियों से जुडी महिलाओं के कार्य को सराहा गया तथा उनका आभार व्यक्त किया गय।। जीतो साउथ महिला विंग अध्यक्ष सुनीता गांधी एवं महामंत्री मोनिका पिरगल ने विचार रखे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना, सहमंत्री भाविका कोठारी व पिंकी मेहता भी उपस्थित थे। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद दिया।



# जीतो जेबीएन की बैठक में हुई 'वर्षा जल संचयन व भूजल संरक्षण' विषय पर चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो जेबीएन ट्रेंडसेटर लीडर्स की इस बार की बैठक में वर्षा जल संचयन, बोरवेल व खुली बावड़ी जल रिचाज, भू-जल रिचार्ज और बंजर ज़मीन पर खेती जैसी पर्यावरण अनुकूल पहलुओं पर खुलकर चर्चा हुई तथा प्रकाश डाला गया। कारोबार संबंधित नेटवर्किंग विस्तार व वाणिजिक गतिविधियों पर चर्चा के साथ साथ सदस्यों को वर्षा जल बचाव व भूजल संरक्षण जैसे प्रासंगिक विषय को गहनता से समझने का अवसर मिला। शहर में मंगलवार को हुई जेबीएन की बैठक में फ़ार्मलैंड रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के निदेशक विजयराज सिसोदिया ने अपने अनुभव के आधार पर अनेक उपयोगी बातों को साझा किया। बतौर अतिथि वक्ता उन्होंने अनेक प्रासंगिक जल संबंधित मुद्दों पर बात की। बारिश के समय वॉटरलोगिंग यानी सडकों पर पानी जम जाने की समस्या का ज़िक्र किया । इस समस्या के तमाम कारणों और इसके निवारण पर चर्चा की। मकान की छतों पर बारिश के पानी के संचयन और भूजल रिचार्ज पर भी विस्तार से बात की ।

टीम ने सभी का स्वागत करते हुए मुख्य वक्ता का सम्मान किया। ज्ञातव्य है कि विजयराज सिसोदिया को पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ेल सिंह के हाथों ' दि प्रेसिडेंट्स स्काऊट्स अवार्ड ' से सम्मानित हैं। उन्हें 'नम्मा बेंगलूरु 'सीआईआई का 'मोस्ट इन्नोविटिव प्रोडक्ट' सम्मान व इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काऊंसिल की तरफ़ से प्रदत्त पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है । उन्होंने जल संरक्षण तथा जल संचयन पर प्रभावशाली विचार व्यक्त किए। जीतो साऊथ द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बार 45 सदस्यों की उपस्थिति रही। कुल 33 वन-टू-वन मीटिंग और 38 रेफ़र्ल्स पारित हुए।

# 'आत्मा और कर्मों का पृथक हो जाना ही हमारी उपलब्धि'

शिकारीपुर। शिव्वमोग्गा की ओर विहाररत आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने आदिनाथ जैन संघ के तत्वावधान में उपस्थित स्कूली बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अलग-अलग ऋतु का साधु पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है और हर ऋतु में साधु स्वयं को साधता है।

मुनि उष्णण काल में ताप सहते है, शीत काल में खुले बदन शीत सहन करते है और वर्षा ऋतु में साधना में लीन रहते हैं। उष्णण ऋतु में मुनि को आतापना लेनी चाहिए, जितना शरीर को तपायेंगे, आत्मा उतनी ही तपेगी व निखरेगी। शरीर को इतना साधना है कि आत्मा में रस आ जाए। आत्मा और कर्मों का पृथक हो जाना ही हमारी उपलब्धि होती है।

जो तप करता है वह पक जाता है, निर्मल हो जाता है। यदि हमें स्वयं को निर्मल बनाना हो तो तप की अग्नि में तपना होगा। वर्षाकाल में पांचों इन्द्रियों को वश में कर साधना में लीन होना चाहिए।



# 'मां का दिशाबोध -बेटी की उड़ान' विषयक कार्यशाला सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर के तत्वावधान में 'मां का दिशाबोध, बेटी की उड़ान' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया।अध्यक्ष रिजु डूंगरवाल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा,मां ही बेटी की पहली टीचर होती है जो शिक्षा मां दे सकती है। कार्यशाला की मुख्य वक्ता रक्षा मांडोत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले की मां-बेटी और आज की मां-बेटी के विचारों में बहुत बदलाव आ रहे हैं, यह सकारात्मक बदलाव है। पहले मां अपनी बेटी को घर,परिवार तक सीमित शिक्षा प्रदान करती थी, लेकिन आज घर-परिवार के रिश्तों को मजबूत करते हुए शिक्षा और अपने पैरों पर खड़े होने पर भी ध्यान देती हैं , दिशाबोध प्रदान करती हैं। रक्षा मांडोत ने मां-बेटी की जोड़ी के कनेक्शन को खेल के माध्यम से दर्शाया। कार्यशाला में मां-बेटी की 12 जोड़ियों ने भाग लिया। मंत्री ज्योति संचेती, उपाध्यक्ष लता गादिया, कोषाध्यक्ष किरण गिलुंडिया, संगठन मंत्री पवनबाई संचेती, पूर्व अध्यक्ष कांता लोढ़ा, पुष्पा गन्ना, शांति सकलेचा आदि सदस्याएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका निर्मला सोलंकी ने किया। सह मंत्री प्रमिला धोखा ने आभार व्यक्त किया।



# फाउंडेशन के निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 500 लोग हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय विजय संभव फाउंडेशन ने श्री यादे माता नवयुवक मंडल महादेवपुरा के सहयोग से महादेवपुरा स्थित गौशाला में बृहत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 500 लोगों की आंखों की जाँच, बीपी, शुगर, ईसीजी आदि जांच की गई। तीस लोगों को संस्था की ओर से चश्में उपब्ध कराए जाएंगे।

आलोका विजन प्रोग्राम और कावेरी हॉस्पिटल की चिकित्सीय टीम ने अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर श्रीयादे नवयुवक मंडल पूर्व का दीपावली स्नेह मिलन समारोह भी आयोजित था।

कार्यक्रम में मंडल की ओर से समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. रवि राजहंस , सदस्य विजयशंकर गुप्ता, सुजीत कुमार साहू सहित प्रजापत समाज ट्रस्ट पूर्व और श्री यादे नवयुवक मंडल के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# विहार सेवा से तीर्थंकर गौत्र का उपार्जन होता है : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मुतनाल। कित्तूर से मुतनाल पहुंचर साध्वीश्री भव्यगुणाश्रीजी ने बेंगलूरु से आए निकेश भंडारी व उनकी टीम को संबोधित करते हुए कहा कि विहार सेवा से तीर्थंकर गौत्र का उपार्जन होता है। साध्वी शीतलगुणाश्री ने कहा कि जीवन समय से बना है। अतः समय पर किया जानेवाला तनिक सा प्रयास आगे की अनेक परेशानियों से बचाता है और उत्थान के द्वार खोलने में सहायक होता है। हर समस्या के तीन समाधान होते हैं, उसे स्वीकार करे, बदल दे या छोड़ दे। अगर स्वीकार नहीं कर सकते तो बदल दे, अगर बदल नहीं सकते तो बेहतर है उसे ईश्वर पर छोड़ दे। गुरुवार को साध्वीद्वय महावीर गौशाला पहुंचेगी।

# अयोध्या में दुकानों के शटर को हिंदू प्रतीकों की कलाकृति से सजाया गया

अयोध्या/दक्षिण भारत । जनवरी में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अयोध्या में राम पथ और अन्य प्रमुख सड़कों पर स्थित दुकानों के शटरों को हिंदू प्रतीकों की कलाकृतियों से सजाया गया है। इन कलाकृतियों में मंदिर की आकृति के साथ जय श्री राम के नारे और स्वास्तिक चिन्ह शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 22 जनवरी को होने वाले 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए शहर को सजाने के प्रयासों के तहत स्थानीय अधिकारियों ने इस कार्य को अंजाम दिया है। सहादतगंज और नया घाट को जोड़ने वाली 13 किलोमीटर लंबी सड़क को पुनर्विकास के बाद नया नाम रामपथ दिया गया है। इसके दोनों और बड़ी संख्या में स्थित दुकानों को संवारा गया है। बिड़ला धर्मशाला से नया घाट तक का क्षेत्र फिलहाल 'जय श्री राम', भगवान राम, राम दरबार की तस्वीरों और आगामी राम मंदिर की कलात्मक प्रस्तुति वाले भगवा झंडे बेचने वाले विक्रेताओं से भरा हुआ है। इस मार्ग पर कई विक्रेता भगवान राम की फ्रेमयुक्त तस्वीरें और राम मंदिर की प्रतिकृतियां भी बेच रहे हैं।

पिछले दो वर्षों में अयोध्या में किए गए पुनर्विकास के तहत इस सड़क को दोनों तरफ से चौड़ा किया गया है और इसके लिए सामने की ओर से कई संरचनाओं को आंशिक रूप से ध्वस्त कर दिया गया।





# सुसवाणी माता धाम पर विधिविधान से हुआ ध्वजारोहण

## संगीत के साथ छप्पन भोग अर्पण कार्यक्रम बना आकर्षण का केन्द्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। होसूर रोड़ अत्तिबेले में भंवरीबाई घेवरचंद सुराणा परिवार द्वारा निर्मित एवं संचालित सुसवाणी माता धाम में स्थित सुसवाणी माताजी मंदिर की सातवीं वर्षगांठ एवं श्री अत्तिबेलेश्वर महादेव मंदिर की चौथी वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई गई। सुराणा संघ के महामंत्री भीमराज सुराणा ने बताया कि प्रातः 8.15 बजे सुसवाणी माता मंदिर में प्रतिष्ठित पांचों देवियों की रजत प्रतिमाओं का अभिषेक हुआ। बाद में महादेवजी एवं माताजी वंदित हवन अनुष्ठान संपन्न हुए। दोनों मंदिरों पर तीर्थ निर्माता परिवार के दिलीप-डॉ. अर्चना सुराणा, आर्य दिया सुराणा, संघ के अध्यक्ष महीपाल सुराणा, मुख्य धाम मोरखाणा के महामंत्री नरेंद्र सुराणा दिल्ली, पूर्व अध्यक्ष सरदारमल सुराणा, रिखबचंद सुराणा आदि द्वारा नूतन ध्वजा चढ़ाई गई। इस प्रसंग पर संघ द्वारा छप्पन भोग अर्पण का कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बना। जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने संगीतमय प्रस्तुति 'आओ आओ माताजी वेगा आओ.. छप्पन भोग लगाओ जी...' के गीत पर झूमते हुए माता को भोग लगाया। छप्पन भोग के लाभार्थी धाम निर्माता सुराणा परिवार थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक निर्मलकुमार सुराणा, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्रकुमार सुराणा, अशोक सुराणा, उपाध्यक्ष डालमचंद सुराणा, उत्तमचंद सुराणा कार्यकारिणी सदस्य सोहनलाल सुराणा, किशोर सुराणा, अरविंद सुराणा, चैनराज सुराणा आदि उपस्थित थे।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.